आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः। मैं प्रार्थना करता हूँ कि हर दिशा से मेरे पास अच्छे विचार आएं।

# दिव्य आकाश

कोरबा से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रथम बहुरंगी साप्ताहिक अखबार

वर्ष-15, अंक - 27 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 11 से 17 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-8, मूल्य-रू. 3.00




## विश्व कल्याण की भावना के साथ दिव्य मंत्रोचार के बीच हवन-पूजन, कन्याभोज के साथ माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि संपन्न

**कोरबा (दिव्य आकाश)।**

जिले की दैदिव्यमान एवं सभी की मनोकामना पूर्ण करने वाली जीवंत नौ दुर्गा की प्रतिमूर्ति माँ सर्वमंगला देवी मंदिर में शारदीय नवरात्रि विश्व कल्याण की भावना के साथ संपन्न हो गई। महाअष्टमी को संध्या कालीन बेला पर हवन पूजन कर राजपुरोहित एवं माँ सर्वमंगला देवी मंदिर के प्रबंधक नमन पाण्डेय एवं परिवार द्वारा विश्व कल्याण की कामना की गई, तत्पश्चात देवी स्वरूपा बालिकाओं को नवीन वस्त्र, पुण्य दान कर कन्या भोज कराया और उपहार से सभी कन्याओं का सम्मान कर प्रणाम किया।



हवन पूजन करते सपरिवार नन्हा महाराज (नमन पाण्डेय)



महाअष्टमी पर राजपुरोहित परिवार द्वारा कन्या भोज

### सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयाः।



माँ सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा कोरबा के प्रबंधक एवं राजपुरोहित नन्हा महाराज (नमन पाण्डेय) ने नौ दिन तक विद्वान ब्राम्हणों एवं आचार्यों के मार्गदर्शन में माता रानी की पूजा अर्चना की और नौ दिन तक माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा अर्चना, भोग भण्डारा, भजन कीर्तन एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यों को विधि विधान से निर्विघ्न पूर्ण किया। सभी की सुख शांति के लिए माता रानी से आशीर्वाद मांगा। शांति व्यवस्था में लगे पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन एवं मंदिर प्रबंधन में सेवारत सभी लोगों का नन्हा महाराज ने आभार जताया।

### दुर्गा अष्टह्मी एवं दुर्गा नवमी पर श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व भीड़

दुर्गा अष्टमी एवं दुर्गा नवमी एक साथ पड़ने के कारण माँ सर्वमंगला देवी मंदिर का दर्शन करने एवं पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ देखी गई। प्रातः एवं संध्या कालीन महा आरती 7:00 बजे में शामिल होने लोग काफी आतुर दिखाई दिए और महाआरती में शामिल होकर सर्व सिद्धि की कामना की।





**नवमीं को जवारा विसर्जन**

नवमी की संध्या गोधुली बेला पर नन्हा महाराज ने ज्योति कलश की पूजा करने के बाद जवारा विर्सजन किया गया।

## सत्व का प्रकाश पूंज फैलाने वाले जवारा कलश की पूजा अर्चना के बाद विसर्जन

मां सर्वमंगला देवी मंदिर दुरपा में शारदीय नवरात्रि का सुखद संपन्न सांस्कृतिक परंपरा संपन्न हो गया। मंदिर के प्रबंधक एवं राज पुरोहित नन्हा महराज (नमन पांडेय) ने विधि विधान के साथ प्रकाश पूंज फैलाने वाले ज्योति कलशों की पूजा अर्चना की और महिलाओं द्वारा जवारा को हसदेव नदी में विसर्जित किया गया। नमन पांडेय ने सपरिवार जवारा कलश उठाने वाली नारी शक्ति को प्रणाम किया। बैगा ने विधिविधान से कलश विसर्जित कराया।



विदाई से पूर्व ज्योति कलशों की पूजा करते नन्हा पांडेय, फोटो: विपेंद्र साहू



भवतारिणी मां हसदेव नदी में जवारा विसर्जन के लिए प्रस्थान करती नारी शक्ति

## चार नवीन मेडिकल कालेज भवन निर्माण के लिए 1020 करोड़ रूपए का ई-टेंडर जारी

**रायपुर।**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य के विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। तरक्की और सुशासन का ये सफर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के रूप में भी नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के साथ मिलकर स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और नई सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया है। इसी बात के मद्देनजर मुख्यमंत्री श्री साय की पहल और और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राज्य के चार नवीन मेडिकल कालेजों के भवन के लिए निविदा जारी कर दी गयी है। राज्य में जांजगीर चांपा, कबीरधाम, मनेंद्रगढ़ और दंतेवाड़ा के गीदम में चार नवीन मेडिकल कालेज बनेंगे। इनकी प्लानिंग, डिजाइनिंग, इंजीनियरिंग और निर्माण कार्य के लिए 1020.60 करोड़ रूपए का प्रावधान रखा गया है। 11 अक्टूबर से बिड डाक्यूमेंट आनलाइन उपलब्ध होंगे तथा इन्हें जमा करने की अंतिम तारीख 7 नवंबर होगी। ई- टेंडर जारी होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि उनकी पहली प्राथमिकता राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं का इजाफा करना है ताकि राज्य के युवाओं के साथ ही प्रत्येक वर्ग के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके और स्थानीय लोगों को इलाज के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध हो सके।

## राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियां तेज



**रायपुर।**

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ के 25 और 26 अक्टूबर, दो दिवसीय प्रवास के मद्देनजर राज्यपाल रमेन डेका के निर्देशानुसार आज यहां राजभवन में राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने बैठक लेकर सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु 25 और 26 अक्टूबर को एम्स रायपुर, एन. आई. टी. रायपुर, आई. आई. टी. भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्विद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। सचिव यशवंत कुमार ने इस दौरान सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके अलावा रायपुर एवं दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी सभी संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## आवास के साथ-साथ अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर काम कर रही सरकार-लखन




**खैरागढ़।**

वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम मंत्री एवं खैरागढ़ जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत सिंघौरी में जिला स्तरीय आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य अतिथि मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य अतिथियों के द्वारा ज़िला में नवीन स्वीकृत 9520 आवासों का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण कीट का वितरण किया गया। साथ ही नन्हें बच्चों का अन्नप्रासन कराया गया।

मुख्य अतिथि एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की शुरूआत 1 अप्रैल 2016 से की गई थी। तब से लेकर आज पर्यंत तक लगातार गरीबों को पक्का आवास का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आवास के अलावा अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर सरकार काम कर रही है। गरीब कल्याण योजना के तहत गरीबों को मुफ्त चावल दिया जा रहा है जो आगामी पांच साल तक लगातार दिया जाएगा। साथ ही घर-घर पेयजल पहुंचाया जा रहा है। प्रदेश में साय सरकार महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खातों में हर माह 1 हजार रूपये दे रही है। किसानों को दो साल का बोनस, समर्थन मूल्य 31 सौ रूपये में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने सहित अन्य वादा पूरा किया है। मंत्री श्री देवांगन ने प्रभारी मंत्री मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये की स्वीकृति देने की घोषणा की। उन्होंने सहाड़ादेव से अवंती स्कूल तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपए और मुख्य सड़क से पुरूषोत्तम के घर तक सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की।

### साढ़े 9 हजार आवासों का हुआ भूमिपूजन

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय आवास मेला एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने सितंबर 2024 में स्वीकृत आवासों का भूमिपूजन किया। जिले में स्वीकृत आवास में से 18240 आवास पूर्ण कर लिया गया है। सितम्बर 2024 में प्राप्त लक्ष्य 13559 में 9520 आवासों का एक साथ भूमिपूजन कार्यक्रम प्रभारी मंत्री के करकमलों से किया गया।

लोकसभा सांसद संतोष पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार गरीब, किसान, खेतीहर मजदूरों के लिए काम कर रही है। उनके उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत हैं। हमारी सरकार बनते ही प्रदेश के 18 लाख परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया। विष्णुदेव सरकार ने अपना वादा निभाया है। प्रदेश की सरकार जनता के हित में काम कर रही है। खैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने आवास मेला कार्यक्रम में प्रतिवेदन का वाचन किया। इस अवसर पर जिपं सभापति घम्मन साहू, छुईखदान जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीना विनोद ताम्रकार, गणमान्य नागरिक सहित जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।






सादर आभार! अभिवादन

सर्व मंगले मांगल्ये
शिवे सर्वार्थ साधिके
शरण्ये त्रयम्बके गौरी
नारायणी नमोस्तुते।

माता रानी की कृपा से शारदीय नवरात्रि 03 अक्टूबर आश्विन शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 11 अक्टूबर 2024 विक्रम संवत् 2081 पर विधि विधान एवं हवन पूजन के साथ विराम लगा और शारदीय नवरात्रि निर्विघ्न संपन्न हो गई। मैं सभी श्रद्धालुओं के सुख-सुस्वास्थ्य की मंगल कामना करता हूं और माता रानी से कामना करता हूं कि विश्व में सभी का कल्याण करें और प्रकृति में शांति बनाए रखें। अहिंसा और अधर्म का नाश करें तथा सभी को सद्‌बुद्धि देते हुए समाज में सत्व का प्रकाश फैलाएं।

शक्ति स्वरूपा माँ समाज का कल्याण करें और यत्र नारी पूज्यंते... तत्र रमंते देवताः की भावना के साथ समाज में नारी का सम्मान बढ़े। इस पवित्र भावना के साथ शारदीय नवरात्रि को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाने वाले सुरक्षा और शांति व्यवस्था में तैनात पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, मंदिर की सेवा में लगे सभी आचार्यों, प्रबंधन में लगे सभी सेवारत एवं सभी श्रद्धालुओं का ह्दय से आभार एवं सभी का अभिनंदन... अभिवादन...



राजपुरोहित
पं. नमन पाण्डेय (नन्हा)
प्रबंधक एवं व्यवस्थापक
श्री सर्वमंगला देवी मंदिर परिसर
दुरपा, कोरबा जिला - कोरबा

# शिवाजी नगर में गरबा का ऐसा हुजूम की हर तरफ सिर्फ माता के भक्त:देर रात तक होती रही माता की आराधना

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

नवरात्रि के सप्तमी के अवसर पर शिवाजी नगर स्थित माता त्रिशक्ति मंदिर प्रांगण में शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति द्वारा आयोजित गरबा उत्सव का सतरंगी जलवा देखने को मिली,रंग बिरंगी लाइट और लाईव म्यूजिक के बीच ताल से ताल मिलाते गरबा प्रेमी जन थिरकते हुए नजर आये,

सर्वप्रथम माता की आरती के साथ गरबा उत्सव चालू किया गया जहां हजारों की संख्या पर लोग माता की भक्ति में डूबे हुए थे ।शाम को शुरू हुआ इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर नौजवान युवक,युवतियो ने भरपूर गरबा का आनंद लिया. हर कोई गरबा की मस्ती में मस्त नजर आया।

रास गरबा उत्सव की भव्यता की तारीफ आम शहरवासियों ने भी की , सबका यही कहना था कि शिवाजी नगर डांडिया गरबा उत्सव समिति द्वारा किए गए मेहनत का ही परिणाम है की इतना भव्य गरबा का आयोजन हुआ है,

गरबा उत्सव की समाप्ति के पश्चात पुरस्कार वितरण किया गया जिसमें साहब कलेक्शन, दिशा मोबाइल, राजू ह्यश्चश्हल्ह्य, खुशबू इलेक्ट्रॉनिक्स, 2 स्त्रह्वस्त्रद्गह्य के सहयोग से गिफ्ट हैंपर का वितरण माता त्रिशक्ति मंदिर समिति के सदस्य नीलिमा कपूर, सरला सिंह ,ठाकुर भाभी, शिव वैष्णव, अयोध्या प्रसाद सोनी, राजकुमार गांगुली, संतोष राय , पवन सिन्हा, एवं विशु यादव के हाथों किया गया।



## अद्वितीय तस्वीर



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** ये तस्वीर मां सर्वमंगला देवी मंदिर के सामने की है। नवरात्रि पर पूरी दुनिया मां के दर्शन और उपासना में लीन है। मां सर्वमंगला देवी मंदिर में दर्शन के लिए डॉग मास्टर सुनील गुप्ता के साथ पुलिस बल के खास सहयोगी ट्रैकर डॉग बाघा भी पहुंचा और सुनील गुप्ता जब मंदिर के सामने हाथ जोड़कर खड़े हुए तो बाघा ने भी हाथ जोड़कर मातारानी को प्रमाण किया और बाघा ने माता का दण्डवत प्रणाम किया। यह दृश्य देखकर यहां उपस्थित सैकड़ों लोगों ने अद्भूत कहा और ऐसे भी होते हैं जानवर।

## कोयला व इस्पात संसदीय बोर्ड की सदस्य बनी कोरबा सांसद

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** कोयला व इस्पात संसदीय सलाहकार समिति में कोरबा लोकसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत को संसदीय बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में ज्यादातर कोयले की खदान हैं साथ ही इनकी अनेकोंनेक समस्याएं भी है। सांसद ने कहा कि खनिज न्यास मद सहित सीएसआर मद से खनन क्षेत्र के लोगों व खदान व संयंत्रों से प्रभावित हो रहे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ आवागमन की सुविधाएं मिले इन मुद्दों पर भी बैठक में ध्यान आकृष्ट कराया जाएगा।

# कच्चे मकानों में रह जाएंगी बस यादें, गरीबों के घरों की मजबूत होने लगी हैं बुनियादें

**खाते में किश्त आने के साथ मजबूत नींव के साथ बनने लगा है सपनो का आशियाना**

**जिले के अंतिम छोर के गांवों में भी नजर आएगा पक्का पीएम आवास**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

अंतिम छोर के गाँव की अपनी पहचान होती है। शहर से दूर होने के साथ यहाँ की अपनी जीवनशैली होती है। दूर-दूर घर होते हैं। घर पर गाय बकरियां होती है। हरे-भरे पेड़ पौधे होते हैं। छोटी-छोटी बाड़ियाँ होती है,जहाँ पसंद की साग सब्जियां उगाई गई और आसपास मुर्गे-मुर्गियां छोटे चूजे घूमते-फिरते होते हैं। सुबह से शाम तक चहल-पहल होती है। अपनी परम्पराएं, अपनी संस्कृति और मजबूत रिश्ते मगर कच्चे घर होते हैं...इन्हीं पहचान के बीच किसी के टूटे हुए तो किसी के जैसे-तैसे बने मिट्टी और खपरैल वाले घर भी होते हैं। गाँव में किसी के पक्के मकान का होना उनके रसूखदार होने की पहचान हुआ करती थी...क्योंकि गरीबी की वजह से पक्के मकान का सपना अनगिनत ग्रामीणों के लिए महज सपना ही था, खेती-किसानी या फिर पीढ़ी दर पीढ़ी कच्चे मकानों में ही जिंदगी गुजार देने वाले ग्रामीणों ने कभी सोचा भी नहीं था कि एक दिन उनका भी पक्का मकान बनेगा और अपने जीते-जी वे किसी रसूखदारों के बीच पक्के मकान में रह पाएंगे। कुछ ऐसा ही सपना कोरबा जिले के अन्तिम छोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गरीब परिवारों को खुशी और गर्व है कि किसी मजबूत रिश्तों की तरह उनके घरों की बुनियादें भी मजबूत हो रही है और कई मुश्किलों से गुजरी कच्चे मकानों में बस यादें ही रह जाएंगी।

कोरबा जिले के पोड़ी उपरोड़ा के अन्तिमछोर के गाँव पतुरियाडाँड़ में रहने वाले गुलाब सिंह अपने तीन बेटों के साथ घर पर रहते हैं। लगभग 60 बसंत देख चुके गुलाब सिंह बताते हैं कि किसी तरह गाँव में खेती किसानी और मजदूरी से घर का खर्च चल जाता था। अब बेटे भी यहीं करते हैं। उनकी कई पीढ़ी गुजर गई पर पक्का मकान बन पाएगा, ऐसा कभी सोचा भी नहीं था। उन्होंने बताया कि उनके कच्चे मकान में जिंदगी कट गई। कच्चे मकान में बारिश के समय बहुत ही ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ा। कभी खपरैल के बीच से टपकते बारिश के पानी में रातों की नींदे खराब हुई तो कई बार नीचे फर्श कीचड़मय हुआ। गुलाब सिंह से बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम आने के बाद उन्हें इस बात की चिंता थी कि वास्तव में पक्का मकान बनाने के लिए पैसे मिलेंगे या नहीं। कई बार तो लगता था कि खाते में पैसा नहीं आएगा और पक्के मकान का सपना कभी पूरा नहीं हो पायेगा। गुलाब सिंह ने बताया कि जब खाते में राशि आई तो मकान का सपना हकीकत में बदल गया है। खाते से राशि निकालकर अपनी मकान को मूर्त रूप दे रहा है। गुलाब सिंह ने बताया कि उन्हें खुशी है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधनमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के खाते में पैसा डाला है और यह राशि उनके जैसे गरीब परिवारों के सपनों को सच कर रहा है। इसी गाँव की निवासी पिंकी पैकरा को भी अपने पक्के मकान का पूरा होने का इंतजार है। वह कहती है कि कच्चे मकान में रहने से बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। पक्का मकान बारिश के दिनों में उन्हें किसी परेशानी में नहीं डालेगा और वह सुकून से रह पाएगी। ग्रामीण पंचराम और उनकी पत्नी रूपकुंवर के खाते खाते में भी आवास बनाने के लिए राशि आयी तो इन्होंने मकान पूरा करा लिया है। पंचराम ने बताया कि उनके घर का प्लास्टर का काम ही शेष है,जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा और वे पक्के मकान में रहने लगेंगे। गांव के लबदराम भी पीएम आवास के हितग्राही है। इन्होंने खाते में राशि आते ही काम शुरू कर दिया है। अभी तक 65 हजार प्राप्त कर चुके लबदराम ने बताया कि जल्दी ही उनका घर पूरा हो जाएगा और वे अपने परिवार के साथ कच्चे मकान को अलविदा कह देंगे।

इन सभी हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया और अपने सपने के आशियाने को लेकर गौरवान्वित महसूस करते हुए खुशी व्यक्त की।



# प्रभारी एसपी दुर्गोत्सव में पहुंचे, गरबा-डांडिया के विनर को किया पुरस्कृत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले के प्रभारी पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा आईपीएस वार्ड क्रमांक-2 साकेत नगर स्थित तुलसीनगर में आयोजित श्री श्री नवयुवक सार्वजनिक पूजा समिति द्वारा आयोजित नव दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा का दर्शन कर जिले और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर आयोजित देवी स्वरूप कन्याओं और मातृशक्ति द्वारा आयोजित गरबा-डांडिया नृत्य में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी एसपी राजेश कुकरेजा व नगर कोतवाल एमबी पटेल का पार्षद आरती विकास अग्रवाल और पूर्व पार्षद विकास अग्रवाल सहित समिति के लोगों ने स्वागत किया। प्रभारी एसपी ने बुधवार को गरबा-डांडिया नृत्य में शामिल राधा-कृष्ण की वेशभूषा में आयोजित स्पर्धा में शामिल लोगों को पुरस्कृत किया। श्री कुकरेजा ने कहा कि 20 साल पहले कोरबा में सेवा देने के बाद अल्प समय के लिए प्रभारी एसपी के रूप में कार्य के दौरान व विशेषकर नवरात्रि के मौके पर विभिन्न पूजा-पंडालों में पहुंचकर पुराने लोगों और क्षेत्र के लोगों से मिलकर आत्मीय खुशी हो रही है। जिले में नवरात्रि त्यौहार शांति और सद्भावना के साथ मनाया जाए, यह उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इस कार्य में जिले के नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष बाला सोनी, सचिव निक्की ठाकुर, राजेन्द्र जायसवाल, कुंदन गुप्ता, विरेन्द्र दास महंत, लक्की दास महंत, भुरु गुप्ता, सूरज यादव, साहिल जांगड़े सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।




LIC है तो कहीं और क्यों जाएं...?

एलआईसी कराएं... परिवार में सुख-समृद्धि पाएं

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

आज ही बीमा कराएं अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित एवं बेहतर बनाएं



नई योजनाओं की जानकारी आज ही लें।

सालिक राजवाड़े (बीमा अभिकर्ता)

कार्पोरेट ऑफिस - वेदांत बीमा सेवा केंद्र

प्रेस क्लब के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा

मो.नं.-90987-52955, 99262-57886

दुकान किराये पर देना है

कोरबा के हृदय स्थल टी.पी. नगर नया बस स्टैंड के पास होटल ब्लू डायमंड के सामने प्रथम मंजिल में सर्वसुविधायुक्त 2500 sqft फाल सिलिंग लगा हुआ शीघ्र ही किराए पर देना है।

हमसे संपर्क करें-

गोपाल राय सोनी

मो.: 79996 32557





भारत में राम राज्य लाने के लिए सभी को संस्कारवान बनना पड़ेगा। अंतिम व्यक्ति तक समृद्धि की पहुंच बढ़ानी होगी।

विजयादशमी (12 अक्टूबर) की हार्दिक शुभकामनाएं...

# दिव्य आकाश

कोरबा का प्रथम बहुरंगीय हिन्दी/साप्ताहिक अखबार

सुविचार

सत्य परेशान हो सकता है लेकिन अंततः जीत सत्य की ही होती है।

कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 11 से 17 अक्टूबर 2024


## चेन्नई के पास मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई

**पैसेंजर ट्रेन के 6 डिब्बे पटरी से उतरे; कई लोगों के घायल होने की खबर**



**चेन्नई ( एजेंसी )।**

तमिलनाडु में शुक्रवार रात 9 बजे मैसूर-दरभंगा एक्सप्रेस (12578) मालगाड़ी से टकरा गई। हादसा कवराईपेट्टई रेलवे स्टेशन के पास हुआ। इस स्टेशन की चेन्नई से दूरी 41 किमी है। दक्षिणी रेलवे के मुताबिक, हादसा रात 8.30 पर हुआ। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कुछ लोग घायल हुए हैं। चेन्नई सेंट्रल से मेडिकल रिलीफ वेन और रेस्क्यू टीमें घटनास्थल के लिए रवाना हुई हैं। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, कवराईपेट्टई रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी खड़ी हुई थी, तभी पैसेंजर ट्रेन पीछे से जाकर टकरा गई। इसके बाद मालगाड़ी का डिब्बा उसके गार्ड केबिन पर चढ़ गया।

## उमर अब्दुल्ला ने एलजी से मुलाकात की

**जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने के लिए पार्टियों के समर्थन पत्र सौंपे, 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण संभव**



**जम्मू ( एजेंसी )।**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार रात करीब 8 बजे श्रीनगर में राजभवन जाकर एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में इंडि गठबंधन ब्लॉक की सरकार बनाने का दावा पेश किया। एलजी से मुलाकात के बाद उमर ने कहा- मैंने एलजी से मुलाकात की और कांग्रेस, CPI (M), AAP और निर्दलीयों से मिले समर्थन पत्र सौंपे। मैंने उनसे शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय करने का अनुरोध किया ताकि सरकार काम करना शुरू कर सके।

## आतिशी को पीडब्ल्यूडी ने बंगला दिया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

दिल्ली की सीएम आतिशी को शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास सौंप दिया गया है। PWD ने प्रोसेस पूरी करने के बाद आतिशी को 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगला आवंटित किया है। आतिशी को वही बंगला दिया गया है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल रहते थे। इससे पहले बुधवार को फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास को सील कर दिया गया था। PWD ने आतिशी के सामान को भी निकालकर बाहर कर दिया था। दरअसल, पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 4 अक्टूबर को आवास खाली किया था। तीन दिन पहले ही आतिशी इसमें रहने आई थीं। PWD के अधिकारी बुधवार की सुबह 11-11.30 बजे सीएम आवास आए। उनके मुताबिक, घर का हैंडओवर करने में नियमों का पालन नहीं किया गया था। आतिशी के पास इस घर की चाबियां थीं, लेकिन उन्हें घर अलॉट किए जाने के आधिकारिक दस्तावेज नहीं दिए गए थे। अधिकारियों ने दोपहर तक घर की चाबियां ले लीं। इसे लेकर सीएम ऑफिस ने कहा था, इतिहास में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को उसका घर खाली करने को कहा गया है। LG ने भाजपा के कहने पर जबरदस्ती CM आतिशी का सामान घर से बाहर निकाला। ये सीएम आवास किसी बड़े भाजपा नेता को दिए जाने की तैयारी की जा रही है। भाजपा 27 साल से दिल्ली में सरकार से बाहर है, अब वह सीएम आवास हथियाना चाहती है।

# नहर में गिरी पिकअप 3 बच्चों की मौत

### मृतकों में नशे में धुत ड्राइवर का बेटा और भांजा भी, 20 लोग थे सवार

**सक्ती।**

सक्ती जिले में 20 लोगों से भरी पिकअप नहर में गिर गई, हादसे में 3 बच्चों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों बच्चे नहर में बह गए थे, जिनकी लाश 38 घंटे बाद SDRF ने बरामद की है। मरने वालों में 6 से 9 साल के बच्चे हैं।

बताया जा रहा है कि ड्राइवर नशे में धुत था और 3 बच्चों में से एक ड्राइवर का बेटा और एक भांजा शामिल है। वहीं एक और बच्चा जिसकी मौत हुई उसके पिता भी दूसरे हादसे में घायल हो गए। मामला नगरदा थाना इलाके का है।



**कैसे हुआ हादसा और कैसे गई जान ?**

दरअसल, सक्ती जिले में बुधवार रात 20 लोगों से भरी तेज रफ्तार पिकअप बेकाबू होकर नहर में जा घुसी। खोजबीन और रेस्क्यू के लिए स्थक्रत्र की टीम को बुलाया गया है। पिकअप से ये सभी जसगीत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को घटनास्थल से 10 किलोमीटर दूर जगदल्ली केनाल के पास पहले बच्चे की लाश मिली। वहीं शुक्रवार की सुबह 8 बजे दूसरे और सुबह 10 बजे तीसरे बच्चे का शव मिला है। तीनों बच्चों की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**जसगीत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे ग्रामीण**

बताया जा रहा है कि ग्राम बैलाचूंवा के ग्रामीण बुधवार रात पिकअप से सलीहाभांठा जा रहे थे। पिकअप मोहगांव बरपाली के पास पहुंची थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। नहर में पिकअप आधी डूब गई थी।

**पुलिस की मदद से 17 लोगों को बाहर निकाला गया**

हादसे के बाद नहर में चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल हादसे की जानकारी पुलिस और एम्बुलेंस को दी। ग्रामीणों और पुलिस की मदद से 17 लोगों को बाहर निकाला गया है। वहीं छुष्टक्क की मदद से पिकअप को भी बाहर निकाला गया।

**ड्राइवर के बेटे की लाश मिली**

नगरदा थाना प्रभारी रोशन लाल टोनडे ने बताया कि तीनों बच्चों का शव मिल गया है। शव की शिनाख्त इंद्रा जायसवाल (9 साल) पिता अशोक जायसवाल, भुरू महंत (8 साल) पिता तिलक महंत और तीसरे बच्चे ऋषभ महंत (6 साल) पिता राजेंद्र महंत के रूप में हुई है। पिकअप को राजेंद्र महंत ही चला रहा था।

**इंद्रा जायसवाल के पिता भी सड़क हादसे में घायल**

बताया जा रहा है कि इंद्रा कुमार जायसवाल के पिता अशोक जायसवाल हादसे के बाद नगरदा थाना में रिपोर्ट लिखाने गए थे। पता चला कि उनके बेटे की लाश मिली है, तो वे हड़बड़ा गए। अपने साथियों के साथ जहां हादसा हुआ वहां पहुंचने ही वाले थे कि वे भी हादसे का शिकार हो गए। मोहगांव के पास कार ने टक्कर मारी जिससे 20 मीटर दूर जा गिरे।

**जहां पिकअप नहर में गिरी वहीं पर फिर हादसा**

टक्कर में अशोक जायसवाल (46) और दामोदर जायसवाल (50) घायल हुए हैं। ये हादसा भी वहीं से 150 मीटर दूर हुआ, जहां पास पिकअप नहर में गिरी थी। घायलों को तुरंत इलाज के लिए सक्ती अस्पताल लाया गया हैं। जहां अशोक को अधिक चोट लगने के कारण रेफर भी किया गया है।

# दरिमा एयरपोर्ट का 21 अक्टूबर को उद्घाटन!

### पीएम मोदी कर सकते हैं वर्चुअल शुभारंभ, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने भेजा ई-मेल




**सरगुजा ( एजेंसी )।**

सरगुजा जिले के दरिमा एयरपोर्ट का उद्घाटन 21 अक्टूबर को प्रस्तावित है। संभावित तिथि घोषित होने के बाद दरिमा एयरपोर्ट पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दरिमा से 19 सीटर हवाई सेवा प्रस्तावित है। पहले हवाई सेवा शुरू करने की प्रस्तावित तिथि 26 सितंबर थी, जिसे टाल दिया गया था।

सरगुजा के संभाग मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को डीजीसीए ने लाइसेंस मार्च 2024 में जारी किया था। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के चलते न तो एयरपोर्ट का उद्घाटन शुरू हुआ और न ही हवाई सेवा शुरू हो पाई। विधायक प्रबोध मिंज ने बताया कि संभावित तिथि यही है। पीएम वर्चुअली उद्घाटन कर सकते हैं।

**ई-मेल भेजकर दिए तैयारी के निर्देश**

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने रायपुर एयरपोर्ट के डायरेक्टर डॉ. एसडी शर्मा को ईमेल भेजा है। इसमें 21 अक्टूबर को अंबिकापुर एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी करने के लिए आवश्यक तैयारी करने कहा गया है। ई-मेल मिलने के बाद सरगुजा जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट के उद्घाटन की तैयारी शुरू कर दी है।

**पीएम मोदी कर सकते हैं वर्चुअल शुभारंभ**

लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने बताया कि, दरिमा एयरपोर्ट का वर्चुअल शुभारंभ पीएम मोदी वाराणसी से करना प्रस्तावित है। पीएम मोदी दरिमा सहित अन्य एयरपोर्ट का भी वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। हवाई सेवा भी शुरू करना प्रस्तावित है। हालांकि इसकी कंफमेंशन नहीं आई है।

**फ्लाई बिग को अवॉर्ड हुआ है रूट**

उड़ान 4.2 के तहत बिग फ्लाई अंबिकापुर-रायपुर विमान सेवा शुरू करने के संकेत मिले हैं। उड़ान 4.2 के तहत अंबिकापुर से रायपुर और बिलासपुर के लिए हवाई सेवाओं का संचालन फ्लाई बिग कंपनी को अवॉर्ड किया गया है। फ्लाई बिग द्वारा 19 सीटर विमानों का परिचालन प्रस्तावित है।

उड़ान 4.2 योजना के तहत जो सीटें खाली आएंगी। उनका लागत भुगतान राज्य सरकारें करेंगी। इससे विमानन कंपनियों को हवाई सेवा के संचालन से नुकसान नहीं होगा। वहीं, अलाएंस एयर ने 17 सितंबर को 72 सीटर विमान उतारकर ट्रायल रन पूरा किया है। अलाएंस एयर ने भी अंबिकापुर से हवाई सेवा शुरू करने रुचि दिखाई है। अलाएंस एयर ने ट्रायल रन की रिपोर्ट DGCA को दे दी है।

# जवानों से लूटी एके-47 को नक्सलियों ने बनाया स्नाइपर गन

### 4X जूम लगाया, दंतेवाड़ा एसपी बोले-1000-1200 मीटर टारगेट; इंसास-एलएमजी सहित 16 हथियार बरामद

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले बॉर्डर पर 4 अक्टूबर को हुई मुठभेड़ में 31 नक्सली मारे गए थे। मुठभेड़ के बाद जवानों ने एके 47, इंसास समेत कुल 16 हथियार बरामद किए हैं। एके-47 को स्नाइपर गन में बदला गया था। इसमें 4X जूम लगाए थे। बताया जा रहा है कि इस एके -47 सहित बरामद अन्य हथियारों में कुछ को नक्सलियों ने सुकमा जिले के पिडमेल और दंतेवाड़ा जिले के गीदम थाने पर हमला कर जवानों से लूटा था। स्क्क गौरव राय ने बताया कि, इस स्नाइपर गन से 1000 से 1200 मीटर तक आसानी से टारगेट किया जा सकता है।

**नक्सलियों ने जवानों से एके-47 समेत गोलियां लूट ली थी**

दरअसल, साल 2016 में नक्सलियों ने सुकमा जिले के पिडमेल-पोलमपल्ली के बीच STF के जवानों पर हमला किया था। इस हमले में



STF के 7 जवान शहीद हुए थे, जबकि 8 से 10 जवान घायल थे। हमले के बाद नक्सलियों ने जवानों से एके-47 समेत गोलियां लूट ली थी। वहीं 2003 में भी नक्सलियों ने गीदम पुलिस थाने पर शाम 7 बजे हमला किया था। इस हमले में करीब 3 से 4 जवान भी शहीद हुए थे। पुलिस ने एक नक्सली को भी मार गिराया था। यहां से नक्सलियों ने भारी मात्रा में SLR समेत अन्य हथियार लूट लिए थे। अब बताया जा रहा है कि नक्सलियों के पास से जो हथियार बरामद किया गया है, उनमें से एक SLRसमेत अन्य हथियार गीदम पुलिस थाने से भी लूटा गया था। , पुलिस अधिकारी हथियारों की हिस्ट्री खंगाल रही है। इसके बाद ये हथियार नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 को दिया गया था।

**कंपनी नंबर 6 के पास थे सबसे ज्यादा ऑटोमैटिक वेपेंस**

पूर्वी बस्तर डिवीजन में नक्सलियों की कंपनी नंबर 6 सक्रिय थी। ये नक्सल संगठन की दूसरी सबसे खतरनाक कंपनी थी। इसमें लड़ाकू ज्यादा थे। हालांकि, अब यह कंपनी लगभग 80 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। इस कंपनी के कुछ नक्सली बचे हैं जो मुठभेड़ में घायल हो गए हैं। अब लड़ने योग्य भी नहीं हैं। नक्सल संगठन में बटालियन के बाद कंपनी नंबर 6 के पास सबसे ज्यादा ऑटोमैटिक वेपेंस थे।

**ये हथियार हुए थे बरामद**

LMG - 1 नग
AK 47 - 4 नग
SLR- 6 नग
इंसास - 3 नग
303 - 02 नग

**लूटे गए हथियारों को लेकर चल रही है जांच**

दंतेवाड़ा के स्क्क गौरव राय ने बताया कि नक्सलियों ने एके-47 को स्नाइपर बनाने के लिए 4X जूम लगाया। 4X जूम मार्केट से भी बड़ी आसानी से मिल जाता है। जो हथियार बरामद हुए हैं, जिनमें स्नाइपर जूम लगाया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि किन-किन मुठभेड़ों से जवानों से हथियार लूटे थे। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। एक दो के बारे में पता चला है। जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा।

# बैज बोले-1 नवंबर से हो धान खरीदी

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर अब तक तारीख तय नहीं हो पाई है और न ही, धान खरीदी के लिए मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक हो पाई है। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने मांग की है कि धान खरीदी 1 नवंबर से ही शुरू होनी चाहिए।

बैज ने कहा कि, एक नवंबर से खरीदी की घोषणा राज्य सरकार जल्द करे। साथ ही किसानों से 200 लाख मीट्रिक टन धन छत्तीसगढ़ सरकार खरीदे। बैज ने कहा कि, धान उपसमिति ने अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है जिसके कारण किसानों में चिंता है।

**इस बार धान की पैदावार अधिक**

बैज ने कहा कि, इस बार बारिश अच्छी हुई है, फसल भी अच्छी है इसलिए पैदावार भी ज्यादा हुई है। इसलिए सरकार इस साल धान खरीदी 1 नवंबर से चालू करे, ताकि किसानों की



पूरी पैदावार सरकार खरीद सके।

**2023 में ऐतिहासिक धान खरीदी**

दीपक बैज ने कहा कि पिछले साल खरीफ फसल की खरीदी के दौरान ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार आ गई थी। कांग्रेस की सरकार के कारण प्रदेश के किसानों ने इतिहास का सर्वाधिक धान उत्पादन किया। समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे ज्यादा 144 लाख 92 हजार मीट्रिक टन खरीदी हुई। यह अनुमानित मात्रा 130 लाख मीट्रिक टन से 15 लाख मीट्रिक टन अधिक थी।

# 6वीं के छात्र की संदिग्ध मौत

**मां के साथ नवरात्र मेला घूमने गया था, सुबह बेहोशी की हालत में मिला**

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में 13 साल के नाबालिग की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। मृतक का नाम समीर मंझवार है और वह कक्षा छठवीं का छात्र था। समीर अपनी मां के साथ गांव के ही पहाड़ के ऊपर लगे नवरात्र का मेला देखने के लिए गया था। रात करीब 9 बजे छात्र लौटा और खाना खाकर सो गया। सुबह समीर बेहोशी की हालत में मिला। उसके मुंह से झाग निकल रही थी। उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला रजगामार चौकी क्षेत्र के गेरवानी गांव का है। जानकारी के अनुसार घुरसिंह मंझवार खेती किसानी का काम करता है। वहीं खाली समय में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। अष्टमी की रात बड़ा बेटा समीर और मां गांव के पास ही पहाड़ा वाली मां के दरबार दर्शन के लिए गए थे। जहां प्रसाद और खिचड़ी का भोग ग्रहण करने के बाद देर रात घर लौटे। दोनों बिना खाना खाए ही सो गए। शुक्रवार की सुबह काफी समय बीत जाने के बाद समीर बिस्तर से नहीं उठा। इस दौरान मां उसे उठाने के लिए गई तो बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दिलीप झा ने बताया कि जिला मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर छात्र के परिजनों का बयान दर्ज किया गया है।

# नासिक आर्टिलरी स्कूल में 2 अग्निवीरों की मौत

**फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान शेल ब्लास्ट हुआ, NCP बोली- दोनों को शहीद का दर्जा दिया जाए**

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के नासिक में आर्टिलरी सेंटर में तोप दागने की प्रैक्टिस के दौरान 2 अग्निवीरों की जान चली गई। ये घटना गुरुवार (9 अक्टूबर) की दोपहर में हुई थी। इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। अधिकारियों के मुताबिक हादसा गुरुवार दोपहर 12 बजे के करीब देवकाली फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ। उन्होंने बताया कि गोहिल विश्वराज सिंह (20), सैफत शित (21) और अप्पाला स्वामी (20) अपनी टीम के साथ बीपी 2 रेंज में नंबर 4 इंडियन फील्ड गन (तोप) से गोला दागने की प्रैक्टिस कर रहे थे। इसी दौरान एक गोले में ब्लास्ट हुआ। तीनों अग्निवीर दूर जाकर गिरे और उनके शरीर में मेटल के टुकड़े धंस गए। घटना में गोहिल और सैफत गंभीर रूप से जख्मी हुए और अप्पाला को भी चोट आई। तीनों को देवकाली कैंप के रू॥ अस्पताल में भर्ती कराया। रात में गोहिल और सैफत की मौत हो गई। घटना को लेकर देवळाली कैंप पुलिस थाने में आकस्मिक मृत्यु का केस दर्ज कराया गया है। अस्पताल में तीसरे अग्निवीर अप्पाला का इलाज जारी है।

**एनसीपी बोली- दोनों अग्निवीरों को शहीद का दर्जा मिले**

एनसीपी नेता सुप्रिया सुले ने × पर लिखा- ये घटना बेहद दुखद है। इन दोनों जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। रक्षा मंत्रालय को इन दोनों जवानों को शहीद का दर्जा देना चाहिए। साथ ही उनके परिवारों को मुआवजा भी दें।

## सुविचार

उन्हीं लोगों का जीवन सफल है जो ऊंचाई तक जाने के बाद भी जमीन को नहीं छोड़ते...।

## चिंतन

### अहंकार मानव जीवन का सबसे बड़ा दुश्मन

यदि हम जीवन में सफल होना चाहते हैं और मरकर भी अमर होना चाहते हैं, तो सबसे पहले मन के अहंकार को मारना होगा। भगवान राम ने पहले रावण को शांति दूत भेज कर संदेश भेजा कि उनकी सीता को ससम्मान वापस कर दे। रावण अहंकारी था और जहां अहंकार आता है वहां उसका नाश निश्चित होता है। रावण राम के संदेश को कमजोरी का संकेत मान लिया और राम के संदेश को नकार दिया। वह राम को ललकारने लगा और सीता को मुक्त करने के लिए राम ने लंका पर हमला बोल दिया। रावण समझता था कि वह दुनिया का सबसे बड़ा शक्तिशाली है और उसे युद्ध में कोई नहीं हरा सकता। वह सोचता था कि एक मानव मुझे क्या हरा पाएगा। सौम्य और सरल राम में अतुल शक्ति का भंडार था, तभी तो उन्होंने समुद्र में सेतु का निर्माण कर सेना के लिए लंका जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। यह रावण के लिए शक्ति का एहसास कराने वाला असंभव सा कार्य था, लेकिन रावण अहंकार में चूर था और मारा गया।

संपादक

# डिजिटल युग में छत्तीसगढ़

## विष्णु सरकार के 10 माह





आज जब पूरी दुनिया डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ रही है। भारत भी इस बदलाव की अगुवाई कर रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ राज्य भी ''डिजिटल युग'' में कदम से कदम मिलाते हुए अपने विकास की कहानी लिख रहा है। बीते कुछ महीनों में छत्तीसगढ़ ने डिजिटल क्रांति और सुशासन की दिशा में जो उल्लेखनीय कदम उठाए हैं, वे न सिर्फ राज्य को विकास की ओर ले जा रहे हैं, बल्कि प्रदेश के नागरिकों के जीवन को भी सरल और सुविधाजनक बना रहे हैं। यह विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है।

**डिजिटल क्रांति की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ राज्य ने सरकार की योजनाओं और कार्यों को पारदर्शी और कुशल बनाने के लिए डिजिटल तकनीक को अपना प्रमुख साधन बनाया है। जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार ने ''ई-ऑफिस'' प्रणाली लागू की है, जिसके माध्यम से सरकारी दस्तावेजों का प्रबंधन, सुरक्षा और फाइलों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। इस कदम से न केवल सरकारी प्रक्रिया की गति बढ़ी है, बल्कि कामकाज में पारदर्शिता भी आई है। इसी तरह मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ मुख्यमंत्री कार्यालय छत्तीसगढ़ शासन) में भी डिजिटल रूपांतरण की दिशा में कदम उठाए गए हैं। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से नागरिकों को मुख्यमंत्री के रोजमर्रा के कार्यक्रम, राज्य की योजनाओं और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के साथ विभिन्न जिलों की जानकारी उपलब्ध होने से आम लोगों को भी सहूलियत होगी। यह डिजिटल पहल न केवल सरकारी कार्यप्रणाली को सरल बना रही है बल्कि नागरिकों को भी राज्य के विकास में भागीदार बना रही है।

**'स्वागतम' पोर्टल:समय और सुविधा का संगम**

छत्तीसगढ़ सरकार ने आम नागरिकों के लिए मंत्रालय में प्रवेश को सुगम बनाने के लिए 'स्वागतम' पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल के माध्यम से बड़े शहर हो या सुदूर क्षेत्र के लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और उन्हें एसएमएस और ई-मेल के जरिए प्रवेश पास प्राप्त होगा। इससे समय की बचत होगी और कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। यह पहल न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बना रही है, बल्कि आम जनता के लिए सरकार के द्वार खोल रही है।

**दस महीनों में सुशासन की ओर कदम**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने करीब दस महीनों में ''सुशासन'' की एक नई परिभाषा गढ़ी है। सरकार ने विकास के साथ-साथ आम जनता का विश्वास वापस पाने में भी सफलता हासिल की है। 'मोदी की गारंटी' को पूरा करने के लिए विष्णु सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इन दस महीनों में सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे जनता को सीधे लाभ मिल रहा है।

**भविष्य की ओर बढ़ता राज्य**

छत्तीसगढ़ का डिजिटल सफर न केवल राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाएगा, बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भी राज्य को तैयार कर रहा है। डिजिटल माध्यमों का प्रभावी उपयोग जहां सरकारी प्रक्रियाओं को तेज और पारदर्शी बना रहा है, वहीं यह नागरिकों के लिए भी एक आसान और त्वरित सेवा का माध्यम बन रहा है। ''मोदी की गारंटी'' और ''विष्णु के सुशासन'' में छत्तीसगढ़ जिस तेजी से डिजिटल युग की ओर कदम बढ़ा रहा है, वह न केवल राज्य के वर्तमान को समृद्ध बना रहा है, बल्कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित करेगा। यह डिजिटल क्रांति प्रदेश के विकास की कहानी का नया अध्याय लिख रही है और छत्तीसगढ़ को एक नई दिशा में ले जा रही है।

जसं. छत्तीसगढ़।

# WhatsApp पर चैट करना हो गया और भी मजेदार

## Meta लाया नया चैट थीम फीचर



दुनियाभर में वॉट्सऐप का सबसे ज्यादा इस्तेमाल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर किया जाता है। वहीं मेटा ने इसके लिए चैट थीम फीचर को लॉन्च किया है। नए फीचर से कंपनी अपने यूजर्स के चैटिंग एक्सपीरियंस को कस्टमाइज चैट इंटरफेस और अलग-अलग थीम से और बेहतर करना चाहती है। अब कंपनी चैटिंग एक्सपीरियंस को फ्रेश लुक देने के लिए नया चैट थीम फीचर लेकर आई है। वहीं वॉट्सऐप ने चैट थीम फीचर का रोलआउट शुरू कर दिया है।

WhatsApp के अपकमिंग फीचर्स और अपडेट पर नजर रखने वाले ब्लॉग Wabetainfo ने WhatsApp के नए चैट थीम फीचर को लेकर जानकारी शेयर की है। Wabetainfo के अनुसार, कई iOS यूजर्स को वॉट्सऐप के iOS 24.20.71 अपडेट के साथ ये फीचर मिल चुका है। कंपनी नए फीचर्स का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है।

नए चैट थीम फीचर को लेकर बताया जा रहा है कि यूजर्स को 22 अलग अलग थीम ऑप्शन मिलेंगे, जिनके कलर यूजर्स कस्टमाइज कर पाएंगे। यूजर्स जैसी थीम सलेक्ट करेंगे चैट बॉक्स का कलर वैसा हो जाएगा। यूजर्स अपनी पंसद और मूड के हिसाब से कलर सलेक्ट कर पाएंगे। माना जा रहा है कि इस फीचर के बाद वॉट्सऐप पर चैट करना और भी मजेदार हो जाएगा।

एजेंसी।

# महाराष्ट्र के खूबसूरत हिल स्टेशन



## प्राकृतिक नजारे देखकर हो जाएंगे मंत्रमुग्ध

अक्टूबर का महीना घूमने के लिए लिहाज से काफी बढ़िया होता है। अगर आप महाराष्ट्र जा रहे हैं या आप वहीं रहते हैं तो इस खूबसूरते हिल स्टेशन पर घूमने जरुर जाएं। महाराष्ट्र के उल्हासनगर से महज 80 किमी पर मालशेज घाट हिल स्टेशन मौजूद है। यह बेहद ही सुंदर और मनोरम दृश्यों वाला है। आप भी इस जगह पर जरुर जाएं।

घूमने के तौर पर अक्टूबर का महीना सबसे बेहतर माना जाता है। न ज्यादा गर्मी होती है और न ज्यादा सर्दी होती है। अगर आप भी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो महाराष्ट्र की इस खूबसूरत हिल स्टेशन पर जरुर घूमने जाएं। महाराष्ट्र के उल्हासनगर से महज 80 किमी दूरी पर स्थित मालशेज घाट हिल स्टेशन खूबसूरत नजारे के लिए जाना जाता है। उल्हासनगर के पास केवल एक हिल स्टेशन है, जो पर्यटको के लिए किसी आकर्षण से कम नहीं है।

**मालशेज घाट**

महाराष्ट्र के उल्हासनगर के पास स्थित है मालशेज घाट नाम का हिल स्टेशन है, जो बेहद ही शानदार और मनोरम दृश्यों वाला है। यहां पर खूबसूरत पहाड़ियां मौजूद है। सुंदर नजारे के लिए मजे लेने के लिए आप इस हिल स्टेशन पर घूमने जरुर जाएं। बात करें हिल स्टेशन की खूबसूरती की, तो इसके आगे कई हिल स्टेशन फीके हैं। टूरिस्टो को यहां सबसे ज्यादा हरियाली पसंद आती है। यह हिल स्टेशन उल्हासनगर से मालशेज घाट की दूरी करीब 84.5 किमी है।

एजेंसी।

## जय प्रकाश नारायण ने दिया था संपूर्ण क्रांति का नारा, जानिए रोचक बातें



08 अक्तूबर को जयप्रकाश नारायण का निधन हुआ था। उन्होंने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया था, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। वहीं जयप्रकाश नारायण का जीवन काफी संघर्ष से भरा था। जय प्रकाश नारायण कभी किसी के सामने नहीं झुके। जय प्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति के नारे पर पूरा देश उमड़ पड़ा था।

**जन्म और शिक्षा**

बिहार के सारण जिला के सिताब दियारा में 11 अक्तूबर 1902 जय प्रकाश नारायण का जन्म हुआ था। वह 9 साल की उम्र में अपने गांव को छोड़कर पढ़ाई के लिए पटना चले गए थे। फिर साल 1920 में महज 18 साल की उम्र में उनकी शादी हो गई। वहीं शुरूआत से ही उनका झुकाव स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल रहे। फिर साल 1919 में ब्रिटिश सरकार के रालेट एक्ट के खिलाफ असहयोग आंदोलन से प्रेरित होकर जय प्रकाश नारायण ने कॉलेज छोड़ दिया।

फिर वह महात्मा गांधी के साथ कई आंदोलनों में शामिल रहे। इसके बाद वह अपनी पत्नी को साबरमती के आश्रम में छोड़कर अमेरिका पढ़ाई के लिए चले गए। अमेरिका में वह अपने खर्चे निकालने के लिए छोटे-मोटे काम करते थे।

**राजनीतिक जीवन**

साल 1929 में अमेरिका से वापस आने के बाद जय प्रकाश नारायण कांग्रेस में शामिल हो गए। हालांकि जय प्रकाश की विचारधाना समाजवादी थी। इसलिए वह जल्द ही कांग्रेस से अलग हो गए और कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के नाम से अलग संगठन बनाया। फिर साल 1952 में उन्होंने प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की। लेकिन आजादी के बाद की राजनीति ने जय प्रकाश को हताश कर दिया। इसके बाद साल 1974 में जय प्रकाश नारायण इंदिरा गांधी के राजनीति के खिलाफ देशभर में तेजी से उभरे।

बता दें कि इंदिरा गांधी के आपातकाल के खिलाफ जय प्रकाश ने आवाज बुलंद की। इस दौरान उन्होंने बिहार में छात्र आंदोलन की अगुआई की, जिसको जेपी आंदोलन कहा गया। जेपी आंदोलन से बिहार में कई समाजवादी नेताओं का जन्म हुआ, जो वर्तमान समय में सक्रिय राजनीति में अहम किरदार में हैं।

**संपूर्ण क्रांति का आह्वान**

हालांकि जय प्रकाश ने कभी सत्ता में दिलचस्पी नहीं दिखाई। बताया जाता है कि जय प्रकाश को राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक बनने का ऑफर मिला। लेकिन उन्होंने हर बार प्रस्ताव ठुकरा दिए। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जय प्रकाश नारायण ने 05 जून 1974 को संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। नारायण ने कहा था, सम्पूर्ण क्रांति से मेरा तात्पर्य समाज के सबसे अधिक दबे-कुचले व्यक्ति को सत्ता के शिखर पर देखना है।

इस दौरान पटना के गांधी मैदान जात-पात तोड़ दो, तिलक-दहेज छोड़ दो, समाज के प्रवाह को नई दिशा में मोड़ दो नारे से गूंजा था। इसी नारे से विश्व में जय प्रकाश को पहचान मिली। वहीं 08 अक्तूबर 1979 को जय प्रकाश नारायण का निधन हो गया था। फिर साल 1999 में उनको मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। फिर साल 1965 में उनको समाजसेवा के लिए मैग्ससे पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# सत्यमेव जयते

हम हर साल विजया दशमी मनाने के लिए रावण का दहन करते हैं। रावण एक व्यक्ति नहीं बल्कि बुराई का नाम है। विजया दशमी राम के विजयोत्सव गाथा को याद करने का पवित्र दिन होता है। रावण रूपी अहंकार और बुराई को मारकर राम ने लंका पर विजय प्राप्त की थी और अच्छाई रूपी विभिषण का राज तिलक किया था और माता सीता को रावण के चंगुल से मुक्त कर नारी सम्मान का संदेश दिया था। जब-जब नारी का अपमान हुआ, तब-तब दुराचारियों का नाश होता ही है। हम नौ दिन तक नवरात्रि में मां की आराधना में लीन रहे और नौ दिन तक आदि शक्ति मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा कर नारी शक्ति के सम्मान का संकल्प भी लिया। सत्यमेव जयते... अर्थात सत्य की हमेशा जीत होती है। अहंकार का दमन होता है। आईए इस दशहरा हम अपने मन के अहंकार को मिटाकर समाज में सद्भाव की बयार लाएं। दशहरा हमें यही संदेश देता है कि बुराई को मिटाएं और अच्छाई का वरण करें। इति...



डॉ गजेन्द्र तिवारी
शिक्षाविद
पाली जिला कोरबा
मो.: 94241-50282

# 12 अक्टूबर को विजयदशमी: अधर्म पर धर्म का विजय पर्व

दशहरा पर्व हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस त्योहार को विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था, इसलिए भी शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि को ये उत्सव मनाया जाता है।

हर साल नवरात्रि पर्व के समापन के साथ ही बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा पर्व मनाया जाता है। इस साल विजयादशमी पर्व 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। हिंदू कैलेंडर के अनुसार हर साल विजयादशमी पर्व आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि मनाई जाती है। यही कारण है कि इसे विजयादशमी भी कहा जाता है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि इस साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 12 अक्तूबर प्रात: 10ू58 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन तिथि का समापनः 13 अक्तूबर 2024, प्रात: 09ू08 मिनट पर होगा। उदया तिथि के अनुसार दशहरा का त्योहार इस साल 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। हर साल दशहरा का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। दशहरा के दिन भगवान राम ने रावण का वध कर युद्ध में जीत हासिल की थी। इस पर्व को असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के रूप में भी मनाया जाता है। दशहरा पर्व हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस त्योहार को विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था, इसलिए भी शारदीय नवरात्र की दशमी तिथि को ये उत्सव मनाया जाता है। कई जगह पर इस दिन मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन भी किया जाता है।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि दशहरा या विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में दशहरा के पर्व का विशेष महत्व है। इस साल दशहरा 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। दशमी को ही मां दुर्गा ने महिषासुर नामक राक्षस का वध किया था। इसलिए इसे विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है। देशभर में अलग-अलग जगह रावण दहन होता है और हर जगह की परंपराएं बिल्कुल अलग हैं। इस दिन शस्त्रों की पूजा भी की जाती है। इस दिन शमी के पेड़ की पूजा भी की जाती है। इस दिन वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, सोना, आभूषण नए वस्त्र इत्यादि खरीदना शुभ होता है। दशहरे के दिन नीलकंठ भगवान के दर्शन करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन माना जाता है कि अगर आपको नीलकंठ पक्षी के दर्शन हो जाए तो आपके सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। नीलकंठ पक्षी को भगवान का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरे पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन होने से पैसों और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि यदि दशहरे के दिन किसी भी समय नीलकंठ दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं, जो काम करने जा रहे हैं, उसमें सफलता मिलती है।

**दशहरा तिथि**-दशमी तिथि का आरंभ- 12 अक्तूबर प्रात: 10- 58 मिनट पर


तिथि का समापन- 13 अक्तूबर 2024, प्रात: 09-08 मिनट पर

**शुभ संयोग**-भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विजयदशमी के दिन श्रवण नक्षत्र का होना बहुत शुभ होता है, और इस साल इसका संयोग बन रहा है। बता दें श्रवण नक्षत्र 12 अक्तूबर को सुबह 5.25 मिनट से प्रारंभ होकर 13 अक्तूबर को सुबह 4.27 मिनट पर समाप्त हो रहा है। इसके साथ ही कुंभ राशि में शनि शश राजयोग, शुक्र और बुध लक्ष्मी नारायण योग के साथ शुक्र मालव्य नामक राजयोग का निर्माण कर रहे हैं।

**शस्त्र पूजन मुहूर्त**-कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि दशहरा के दिन कई जगहों पर शस्त्र पूजा करने का भी विधान है। दशहरा के दिन शस्त्र पूजा विजय मुहूर्त में की जाती है। इस साल दशहरा पूजन के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 2.02 मिनट से शुरू होगा, जो दोपहर 2.48 तक रहेगा। मुहूर्त की कुल अवधि लगभग 46 मिनट तक रहेगी।

**रावण दहन मुहूर्त**-भविष्यवक्ता डा. अनीष व्यास ने बताया कि दशहरा के दिन लंकापति रावण और उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाता है। पुतलों का दहन सही समय में किया जाए, तो ही शुभ माना जाता है। विजयदशमी के दिन यानी 12 अक्टूबर को पुतलों के दहन का शुभ मुहूर्त सूर्यास्त के समय शाम 05.45 से रात 08.15 तक होगा। मांगलिक कार्यों के लिए यह दिन शुभ माना जाता है।

एजेंसी।



निधन : 10.10.2024

# रतन टाटा की प्रेरणादायक बातें, जो बदल सकती हैं आपका जीवन

टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का गत 10 अक्टूबर की रात्रि मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें हाल ही में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रतन टाटा को 21 साल की उम्र में ऑटो से लेकर स्टील तक के कारोबार से जुड़े समूह, टाटा समूह का चेयरमैन नियुक्त कर दिया गया था। चेयरमैन बनने के बाद रतन टाटा ने टाटा समूह को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया था। टाटा समूह की स्थापना रतन टाटा के परदादा जमशेद जी टाटा ने 1868 में मुंबई में की थी। रतन टाटा ने 2012 तक समूह का नेतृत्व किया। चेयरमैन पद से हटने के बाद, रतन टाटा को टाटा संस, टाटा इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील और टाटा केमिकल्स के मानद चेयरमैन की उपाधि से सम्मानित किया गया।

हम आपको टाटा संस को नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले रतन टाटा की खूबसूरत और प्रेरणादायक बातें बतातें हैं, जो किसी भी इंसान को न सिर्फ जीवन के वास्तविक यथार्थ से परिचित कराएंगी। बल्कि जीवन को कैसे जिएं यह भी सिखाएंगी।

-जीवन में सिर्फ अच्छी शैक्षिक योग्यता या अच्छा करियर ही काफी नहीं है। बल्कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि एक संतुलित और सफल जिंदगी जिएं। संतुलित जीवन का मतलब है हमारा अच्छा स्वास्थ्य, लोगों से अच्छे संबंध और मन की शान्ति, यह सब कुछ अच्छा होना चाहिए।

-दुनिया में इंसान सिर्फ एक मोबाइल के रिचार्ज जैसा है, जो अपनी वैलिडिटी के बाद खत्म हो जायेगा। हर किसी की वैलिडिटी है। अगर आप भाग्यशाली रहे तो कम से कम 50 साल तो जिएंगे ही। इन 50 सालों में सिर्फ 2500 सप्ताहांत होते हैं। क्या तब भी सिर्फ काम ही काम करने की जरुरत है? जीवन को इतना भी कठिन नहीं बनाना चाहिए कि खुशियां हमसे दूर रहें।

-जीवन उतार-चढ़ाव से भरा होता है, इसकी आदत बना लेनी चाहिए।

-दूसरों की नकल करने वाला इंसान थोड़े समय के लिए सफलता तो प्राप्त कर सकता है, लेकिन वह जीवन में बहुत आगे नहीं बढ़ सकता है।

-हमारी गलती सिर्फ हमारी है, हमारी असफलता सिर्फ हमारी है, किसी को इसका दोष नहीं देना चाहिए। हमें गलती से सीखना चाहिए और जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

-टीवी का जीवन असली नहीं होता है और न ही जिंदगी टीवी सीरियल की जैसी होती है। असल जीवन में आराम नहीं होता, सिर्फ और सिर्फ काम होता है।

-अच्छी पढ़ाई करने वाले और कड़ी मेहनत करने वाले अपने दोस्तों को कभी नहीं चिढ़ाना चाहिए। एक समय ऐसा आएगा जब आपको उसके नीचे भी काम करना पड़ सकता है।

-लोहे को कोई भी नष्ट नहीं कर सकता, लेकिन इसकी खुद की ही जंग इसे नष्ट कर देती है। इसी प्रकार एक व्यक्ति को कोई भी नष्ट नहीं कर सकता है, लेकिन खुद की मानसिकता उसे बर्बाद कर सकती है।

-मैं सही फैसले लेने में विश्वास नहीं करता। मैं फैसले लेता हूं और फिर उन्हें सही साबित कर देता हूं।

-अगर लोग आप पर पत्थर मारते हैं, तो उन पत्थरों का इस्तेमाल अपना महल बनाने में आप कर लीजिए।

-अपने जीवन की परिस्थितियों और अपनी प्रतिभाओं के मुताबिक, अपने लिए अवसर एवं चुनौतियों की पहचान करें। -एजेंसी

# पंतनगर प्लांट से साकार हुआ था बाइक वालों का अपनी कार का सपना, नैनो लाकर वादे पर खरे उतरे थे टाटा

इस सपने को पूरा करने में ऊधमसिंह नगर के सिडकुल पंतनगर में टाटा के प्लांट की सबसे अधिक भूमिका थी। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्लांट ने न सिर्फ टाटा के भरोसे को कायम रखा, बल्कि तय मियाद में लखटकिया कार का निर्माण भी कर दिखाया।

बाइक पर चलने वालों को कार का सपना दिखाकर उसे पूरा करने वाले रतन टाटा ने लखटकिया कार के वादे को समय से पूरा करने में ताकत झोंक दी थी। इस सपने को पूरा करने में ऊधमसिंह नगर के सिडकुल पंतनगर में टाटा के प्लांट की सबसे अधिक भूमिका थी। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्लांट ने न सिर्फ टाटा के भरोसे को कायम रखा, बल्कि तय मियाद में लखटकिया कार का निर्माण भी कर




दिखाया।


ऊधमसिंह नगर में प्लांट लगाकर हजारों लोगों को रोजगार देने के साथ ही इसी प्लांट में देश की पहली लखटकिया कार का उत्पादन भी रतन टाटा की दूरदर्शिता का परिणाम था। पश्चिम बंगाल के सिंगूर में विवाद के बाद रतन टाटा ने कंपनी के दूसरे प्लांट के बजाय पंतनगर प्लांट को न सिर्फ चुना बल्कि वे खुद भी कार के उत्पादन से जुड़े प्लांट में पहुंचे थे।

दरअसल, टाटा का पंतनगर प्लांट तब चर्चा में आया, जब सिंगूर में नैनो प्लांट का काम अक्तूबर 2008 में रोकना पड़ा था। लोगों को लखटकिया कार मुहैया कराने का वादा पूरा करने के लिए रतन टाटा ने तब कंपनी के मिनी ट्रक बनाने वाले पंतनगर प्लांट में नैनो कार का उत्पादन शुरू करने का फैसला किया था। 16 अप्रैल, 2009 को वह विशेष विमान से पंतनगर प्लांट में आए थे। ट्रक बनाने वाले प्लांट में रतन टाटा के भरोसे पर नैनो कार का सफल उत्पादन किया गया।

इसी प्लांट से बनाकर तैयार हुई नैनो कार के मालिक अशोक विचारे को रतन टाटा ने जुलाई 2009 में अपने हाथ से चाबी सौंपी थी। हालांकि बाद में वर्ष 2010 में गुजरात के सानंद में टाटा के प्लांट में नैनो कार का उत्पादन हुआ।

## बदरी-केदार में भोग प्रसाद की गुणवत्ता के लिए एसओपी जारी, तिरुपति मंदिर मामले के बाद उठाया गया कदम

बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के अलावा बीकेटीसी के अधीन आने वाले मंदिरों में भोग और प्रसाद की गुणवत्ता व शुद्धता के लिए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति ने मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दी है, जिसमें भोग प्रसाद तैयार




करने और उसमें इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री, भंडारण के साथ निगरानी के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

साल में कम से कम एक बार भोग प्रसाद की फूड सेफ्टी ऑडिट कराया जाएगा। तिरुपति मंदिर में प्रसाद में मिलने वाला देसी घी के लड्डू में मिलावट का मामला सामने आने के बाद बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भी बदरीनाथ, केदारनाथ धाम व अन्य मंदिरों में भोग व प्रसाद के लिए एसओपी जारी की है।

प्रसाद व भोग में इस्तेमाल होने वाले चावल, तेल, घी, मसाले, केसर की जांच और विश्वसनीय व्यापारी से खरीदने के निर्देश दिए गए। भोग व प्रसाद को बनाने के लिए इस्तेमाल तेल को अधिकतम तीन बार से ज्यादा उपयोग न किया जाए। इसके अलावा भोग और प्रसाद तैयार करने के लिए कर्मचारियों को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा गया।

खाद्य सामग्री को लंबे समय तक स्टॉक में न रखा जाए। गुणवत्ता और शुद्धता की जांच के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही साल में एक बार भोग और प्रसाद का फूड सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा, जिसमें भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की ओर से अधिकृत प्रयोगशाला में खाद्य सामग्री की जांच कराई जाएगी।

## रतन टाटा के जीवन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें



भारत के सबसे सम्मानित उद्योगतियों में से एक रतन टाटा का बुधवार शाम को मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा न केवल व्यापार जगत में अपने योगदान के लिए जाने जाते थे, बल्कि अपने परोपकार के लिए भी जाने जाते थे। कैंसर की इलाज के लिए उनके नेतृत्व में बनाए गए अस्पताल में प्रत्येक दिन हजारों लोगों के इलाज होते हैं।

28 दिसंबर, 1937 को रतन टाटा का जन्म हुआ था। वो नवल टाटा के सबसे बड़े बेटे थे। उनकी शिक्षा भारत के कुछ बेहतरीन स्कूलों में हुई और उन्होंने न्यूयॉर्क में आइवी लीग संस्थान कॉर्नेल से वास्तुकला में डिग्री हासिल की।

जब रतन टाटा 10 साल के थे, उनके माता-पिता का तलाक हो गया, जिसके बाद उनकी परवरिश उनकी दादी, नवाजबाई टाटा ने की। वह एक शानदार शख्सियत थीं और जिन्होंने उन्हें नैतिक मूल्य दिए। अपने करियर की शुरुआत टेल्को (अब टाटा मोटर्स) से की, जहां उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस में चूना पत्थर खोदने जैसे काम भी किए।

साल 1991 में रतन टाटा ने जेआरडी टाटा की जगह टाटा संस के अध्यक्ष का पद संभाला। उन्होंने यह भूमिका 1991 से 2012 तक निभाई, जब उन्होंने पहली बार सेवानिवृत्ति ली और 2016-2017 में अंतरिम अध्यक्ष के रूप में वापस आए, जब साइरस मिस्त्री को हटाया गया था।

रतन टाटा को भारत सरकार द्वारा 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें सिंगापुर, इटली, फ्रांस, जापान और ऑस्ट्रेलिया की सरकारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने उन्हें ब्रिटिश साम्राज्य का मानद नाइट भी बनाया।

रतन टाटा के नेतृत्व में टाटा समूह ने जगुआर लैंड रोवर, रिट्ज कार्लटन होटल्स और इतालवी एयरोस्पेस कंपनी पियाजियो जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों का अधिग्रहण किया। उनके कार्यकाल के दौरान टाटा समूह के मुनाफे में 50 गुना और राजस्व में 40 गुना वृद्धि हुई।

टाटा ट्रस्ट्स के जरिये रतन टाटा ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनगिनत योगदान दिए हैं। हाल ही में, 86 साल की उम्र में उन्होंने छोटे जानवरों के लिए 165 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक अस्पताल खोला।

रतन टाटा के नेतृत्व में कैंसर अस्पताल और शैक्षणिक संस्थानों को अरबों डॉलर का अनुदान दिया गया, जिसमें सैन डिएगो विश्वविद्यालय को 70 मिलियन डॉलर और उनके अल्मा मेटर कॉर्नेल को 50 मिलियन डॉलर शामिल हैं। रतन टाटा की सादगी और मानवता की सराहना पूरे विश्व में की जाती है।

- एजेंसी।



## लाइट पीच साड़ी में मौनी रॉय ने ढायी कयामत

बालों पर गुलाब सजाए और हाथों से फूलों को सजाती हसीना ने जीता फैंस का दिल, तस्वीर में मौनी लाइट पीच कलर की साड़ी में कहर ढा रही हैं। -एजेंसी

# इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंची, दूरसंचार कंपनियों को हर ग्राहक से 8 प्रतिशत अधिक कमाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से 'इंडिया टेलीकॉम सर्विसेज परफॉर्मेंस इंडिकेटर'रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मोबाइल सेवाओं के लिए हर ग्राहक से दूरसंचार कंपनियों को होने वाली कमाई सालाना आधार पर 8.11 फीसदी बढ़कर 157.45 रुपये पहुंच गई है।

देश में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में तिमाही आधार पर 1.59 फीसदी बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में देश में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। कुल 96.96 करोड़ ग्राहकों में 4.20 करोड़ लोग वायर के जरिये इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वायरलेस इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 92.75 करोड़ पहुंच गई है।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से 'इंडिया टेलीकॉम सर्विसेज परफॉर्मेंस इंडिकेटर' रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मोबाइल सेवाओं के लिए हर ग्राहक से दूरसंचार कंपनियों को होने वाली कमाई सालाना आधार पर 8.11 फीसदी बढ़कर 157.45 रुपये पहुंच गई है। मासिक आधार पर इन कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) जनवरी-मार्च तिमाही के 153.54 रुपये की तुलना में 2.55 फीसदी बढ़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल



राजस्व (एजीआर) बढ़कर 70,555 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें तिमाही आधार पर 0.13 फीसदी और सालाना आधार पर 7.51 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**ब्रॉडबैंड से 94 करोड़ लोग चलाते हैं इंटरनेट**

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडबैंड के जरिये इंटरनेट चलाने वालों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में 1.81 फीसदी बढ़कर 94.07 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में इनकी संख्या 92.40 करोड़ थी। हालांकि, नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.03 करोड़ से घटकर 2.88 करोड़ रह गई।

**टेलीफोन ग्राहक -120.56 करोड़**

देश में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में बढ़कर 120.56 करोड़ हो गई। इसमें जनवरी-मार्च की तुलना में 0.53 फीसदी और सालाना आधार पर 2.70 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। शहरी इलाकों में टेलीफोन ग्राहकों की संख्या 66.53 करोड़ से बढ़कर 66.71 करोड़ पहुंच गई। ग्रामीण इलाकों में भी यह संख्या 53.85 करोड़ है, जो तिमाही आधार पर अधिक है।

**117 करोड़ वायरलेस ग्राहक**

देश में वायरलेस ग्राहकों की संख्या शुद्ध रूप से 50.4 लाख बढ़कर अप्रैल-जून में 117.05 करोड़ पहुंच गई है। मासिक आधार पर संख्या 0.43 फीसदी और सालाना आधार पर 2.36 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान वायरलाइन ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 3.90 फीसदी और सालाना आधार पर 15.81 फीसदी बढ़कर 3.51 करोड़ पहुंच गई।

**दूरसंचार घनत्व बढ़कर 85.95 फीसदी**

रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल दूरसंचार घनत्व तिमाही आधार पर 85.69 फीसदी से बढ़कर 85.95 फीसदी पहुंच गया। ग्रामीण इलाकों में यह 59.19 फीसदी से बढ़कर 59.65 फीसदी पहुंच गया, जबकि शहरी दूरसंचार घनत्व 133.72 फीसदी से घटकर 133.46 फीसदी रह गया। वायरलेस दूरसंचार घनत्व 83.27 फीसदी से बढ़कर 83.45 फीसदी पहुंच गया है।

हर 100 दूरसंचार सब्सक्राइबर्स को प्रति महीने सात या उससे कम समस्याओं का सामना करना पड़ा।

ग्रामीण व पहाड़ी इलाकों की 75 फीसदी और उससे ज्यादा दूरसंचार संबंधी शिकायतें अगले दिन ही सुलझा ली गईं। वहीं, सात दिन के भीतर 100 फीसदी समस्याओं का निपटान कर दिया गया।

ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्रों में, दूरंसचार सब्सक्राइबर्स की कॉल सेंटर/कस्टमर केयर तक पहुंच 95 फीसदी से ज्यादा।

90 सेकंड के भीतर दूरसंचार ऑपरेटर ने 95 फीसदी से ज्यादा कॉल (वॉयस टु वॉयस) के जवाब दिए।



# शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा को घर खाली करने का मिला नोटिस, ईडी के खिलाफ कोर्ट पहुंचा कपल

**मुम्बई (एजेंसी)।**

अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके कारोबारी पति राज कुंद्रा ने कोर्ट से मदद की गुहार लगाई है। कपल ने धन शोधन के एक मामले के संबंध में उनके मुंबई के जुहू इलाके में स्थित आवास और पुणे में एक फार्महाउस को खाली करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नोटिस को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया किया और मामले पर अगली सुनवाई कल होगी।

**शिल्पा शेट्टी को घर खाली करने के आदेश**

याचिकाओं में शेट्टी और कुंद्रा को 27 सितंबर को जारी ईडी नोटिस को चुनौती दी गयी है जिसमें उन्हें कथित 'बिटकॉइन धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले के संबंध में यहां अपना आवासीय परिसर और पुणे में एक फार्महाउस 10 दिन के भीतर खाली करने का निर्देश दिया गया है। दंपति के वकील प्रशांत पाटिल ने कहा कि शेट्टी और कुंद्रा को परिसर खाली करने का नोटिस तीन अक्टूबर को ही मिला। उन्होंने नोटिस को मनमाना तथा गैरकानूनी बताया और उन्हें रद्द करने का अनुरोध किया।

**बेदखली नोटिस पर रोक लगाने का अनुरोध**

याचिकाओं के अनुसार, याचिकाकर्ताओं को अपने परिसरों को खाली करने की तत्काल कोई आवश्यकता नहीं है और इस तरह के बेदखली नोटिस जारी करना अनावश्यक है। याचिकाओं में कहा गया है- ''याचिकाकर्ता मानवीय आधार पर राहत देने का अनुरोध कर रहे हैं क्योंकि नोटिस में उल्लेखित परिसर उनका आवासीय परिसर है जिसमें वह करीब दो दशक से अपने परिवार के छह सदस्यों के साथ रह रहे हैं। याचिकाओं में उच्च न्यायालय से बेदखली नोटिस पर रोक लगाने का भी अनुरोध किया गया है। याचिकाओं के अनुसार, ईडी ने 'बिटकॉइन धोखाधड़ी और धन शोधन के आरोपों पर 2018 में अमित भारद्वाज और अन्य लोगों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करायी थी।

**राज कुंद्रा से ईडी ने की कई बार पूछताछ**

मामले में शेट्टी और उनके पति को आरोपी के तौर पर नामजद नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है कि ईडी ने जांच के दौरान कई बार कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया। कुंद्रा हर समन पर एजेंसी के समक्ष पेश हुए। अप्रैल 2024 में शेट्टी और कुंद्रा को ईडी के एक आदेश के आधार पर एक नोटिस मिला, जिसमें जुहू में उनके आवासीय परिसर सहित उनकी संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क करने का उल्लेख था। जुहू स्थित रिहायशी परिसर कुंद्रा के पिता ने 2009 में खरीदा था। शेट्टी और कुंद्रा ने नोटिस पर अपना जवाब दे दिया था। याचिकाओं में कहा गया है कि दोषसिद्धि होने से पहले बेदखली का कोई आदेश/नोटिस जारी नहीं किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि उनके आवासीय परिसरों का अपराध से मिली आय या इस अपराध से कोई संबंध नहीं है। याचिकाओं में दावा किया गया है कि कुंद्रा का कथित धोखाधड़ी से कोई संबंध नहीं है।



# कार से मिली 500-500 के नोट से भरी थैलियां

## 2.27 करोड़ कैश लेकर मध्यप्रदेश से रायपुर आ रहे थे 3 युवक; कोई दस्तावेज नहीं

**कवर्धा ( एजेंसी )।**

कवर्धा जिले में पुलिस ने एक कार से 2 करोड़ 27 लाख से ज्यादा कैश बरामद किया है। साथ ही कार सवार 3 युवकों को भी चिल्फी के पास से पकड़ा गया है। ये लोग मध्य प्रदेश के मंडला जिले से रायपुर जा रहे थे। मामला चिल्फी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, चिल्फी थाना क्षेत्र के आबकारी चेकपोस्ट पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है। इसी दौरान शुक्रवार सुबह करीब 9ः30 बजे मंडला की तरफ कार (एमपी-51 सीए-9891) आ रही थी।



**500-500 के नोटों से भरी थैलियां मिली**

कार में 3 युवक सवार थे। पुलिस ने जब गाड़ी रोककर जांच की तो उसमें 500-500 के नोटों के बंडल से भरी कई थैलियां मिली। नोट इतने ज्यादा थे कि पैसे गिनने के लिए मशीन मंगवाई गई। रकम गिनने पर पता चला कि 2 करोड़ 27 लाख 50 हजार कैश हैं। पूछताछ में युवकों ने बताया कि, रायपुर में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए ले जा रहे हैं, लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके।

**आयकर विभाग को सौंपा गया मामला**

एएसपी पुष्पेन्द्र बघेल ने बताया कि, मुखबिर की सूचना पर चिल्फी पुलिस ने यह कार्रवाई की है। 33 साल के गगन जैन, 30 साल का अमन जैन 25 साल के नवीन ठाकुर निवासी मंडला को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। मामले को आयकर विभाग के हवाले कर दिया गया है।

# महादेव सट्टा ऐप का प्रमोटर सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार

**इंटरपोल के अधिकारियों ने पकड़ा, 7 दिन के अंदर लाया जा सकता है भारत**

**रायपुर ( एजेंसी )।**

महादेव सट्टा ऐप का संचालन करने वाले सौरभ चंद्राकर को इंटरपोल के अधिकारियों ने दुबई से गिरफ्तार कर लिया है। दुबई की पुलिस और स्थानीय फोर्स के साथ मिलकर CBI और ईडी के अधिकारियों ने सौरभ चंद्राकर से जुड़ी हर डिटेल इंटरपोल को दी थी। 7 दिन के अंदर भारत लाया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी के बाद इंटरपोल के अफसर ने भारतीय विदेश मंत्रालय को खबर दी है। अब सौरभ चंद्राकर को भारत और फिर जल्द ही रायपुर लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए दस्तावेजी काम अफसर जल्द से जल्द निपटा रहे हैं।

**दुबई में अपनी पहचान छुपाकर रुके हुए थे अधिकारी**



प्रवर्तन निदेशालय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लंबे वक्त से अधिकारी दुबई में अपनी पहचान छुपाकर रुके हुए थे। सौरभ चंद्राकर के ठिकानों के आसपास अधिकारी नजर रख रहे थे। इसके बाद मौका मिलते ही सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**अरबी भाषा में तैयार किया गया दस्तावेज**

सौरभ चंद्राकर की UAE में गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को रायपुर ईडी की ओर से PMLA कोर्ट से प्रत्यर्पण संबंधित दस्तावेज विदेश मंत्रालय को फॉरवर्ड किए गए हैं। प्रत्यर्पण संबंधित जितने भी दस्तावेज हैं वे ओरिजिनल अंग्रेजी और हिंदी वर्जन से अरबी भाषा में ट्रांसलेट किया गया। ताकि प्रत्यर्पण के प्रोसेस में किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना आए।

**UAE एंबेसी को भेजा जाएगा डॉक्यूमेंट**

सौरभ चंद्राकर को गिरफ्तार करने के बाद एजेंसियां उसे जल्द से जल्द भारत वापस लाना चाहती है। ऐसे में भारत से की जाने वाली सभी कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। सारे डॉक्यूमेंट्स को भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से संयुक्त अरब अमीरात एम्बेसी को भेजा जाएगा।

**रेड कॉर्नर नोटिस के बाद एक्शन**

चंद्राकर के प्रत्यर्पण यानी उसे भारत लाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवर्तन निदेशालय के लिए सौरभ चंद्राकर वांटेड था। इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के बाद इस पर कार्रवाई की गई है। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय भी इस एक्शन में शामिल रहा।

# 9 वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

## बॉयफ्रेंड करता था ब्लैकमेल, कोरबा से नहर में बहा शव रायगढ़ में मिला

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

कोरबा जिले में एक छात्रा ने 7 अक्टूबर को नहर में छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। 5वें दिन 11 अक्टूबर को लड़की की लाश मिली है। लड़की के मां के मुताबिक छात्रा प्रेग्नेंट हो गई थी। उसका बॉयफ्रेंड भी बेटी को लगातार ब्लैकमेल कर रहा था, जिससे वह परेशान थी। मामला कोतवाली क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, लड़की ने पावर हाउस रोड स्थित सोनालिया नहर में छलांग लगाई थी। नहर में पानी का बहाव तेज था। इस दौरान वहां मौजूद एक यातायात के सिपाही ने नहर में छलांग लगाकर उसे बचाने की कोशिश की थी, लेकिन बचा नहीं सका और लड़की की लाश बहकर रायगढ़ पहुंच गई।

**रायगढ़ जिले में मिली बेटी की लाश**

कोरबा जिले से नहर में बही लड़की रायगढ़ जिले के खरसिया के बरगढ़ नहर किनारे झाड़ियों में फंसी मिली है। मां ने बेटी के कपड़ों को देखकर शव की पहचान की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

**अपने बॉयफ्रेंड के साथ घर से गई थी लड़की**

मृतिका की मां ने बताया कि वह मुड़ापार अंबेडकर बस्ती में रहती हैं। उनकी बेटी कक्षा 9वीं की छात्रा थी। सोमवार की शाम वह एक लड़के के साथ निकली थी, जो उसका बॉयफ्रेंड था। उसके बाद वह घर वापस नहीं आई। उसे लगा वह सहेली के घर पर होगी और वापस आ जाएगी।

**प्रेग्नेंट हो गई थी बेटी, बॉयफ्रेंड करता था परेशान**

मृतिका की मां आरोप लगाया है कि उसकी बेटी की मौत का कारण संतोष तिवारी है, जो उसकी बेटी को प्रताड़ित करता था। बार-बार पैसे की मांग करता था। बेटी प्रेग्नेंट भी हो गई थी, जिससे वह बेहद परेशान करता रहता था। युवक के प्रताड़ना के चलते ही बेटी ने जान दी है।

**बेटी को ब्लैकमेल करता था युवक**

मृतिका की मां ने बताया कि वह एक सोशल वर्कर है और वह एनजीओ के माध्यम से संस्था में काम करती है। जब भी वह घर से बाहर रहती तो युवक घर आया करता था। अक्सर घर पर ही समय बिताया करता था। इसका विरोध करने पर भी युवक नहीं मानता था। उसकी बेटी को ब्लैकमेल करता था।

**संतोष तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

बताया जा रहा कि युवक संतोष कुमार टीपी नगर के पास मोटर गैरेज का काम करता है, जो दुकान भी चलाता है। मृतिका की मां ने आरोपी युवक संतोष तिवारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डिप्टी सीएम बोले-भारत माता की जय कहने वाले हिंदू हैं,विजय शर्मा ने कहा- हिंदू नहीं हूं कहने वालों का कुछ नहीं बचा

**रायपुर ( एजेंसी )।**

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कवर्धा में नॉर्थ ईस्ट को लेकर कहा कि, वहां लोगों से कहलवाया गया कि मैं हिंदू नहीं हूं। ऐसा जिसने कहा उनका कुछ नहीं बचा, पूरा होलोलूलू हो गया। यह कहते हुए वो हंस पड़े।

उन्होंने कहा कि, भारत माता की गोद में जो रहते हैं, वो महतारी का वंदन करते हैं। सब भारत मां के बेटे हैं। जो भारत माता की जय कहते हैं, वो हिंदू है। यह बात को मानकर हमें चलना होगा।

**स्थानीय लोगों के लिए नए प्रोजेक्ट**

मंत्री ने कबीरधाम जिले में एक करोड़ 85 लाख रुपए के निर्माण कार्य का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सामुदायिक भवन लागत 13 लाख का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। उन्होंने दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत जोराताल में सीसी रोड निर्माण लागत 73.01 लाख और दीनदयाल आवास योजना भोरमदेव चौक अंतर्गत दुकान कार्यालय और फ्लैट लागत



99.01 लाख का भूमि पूजन किया।

**इससे पहले भी दे चुके हैं चर्चित बयान**

गृहमंत्री विजय शर्मा ने हाल ही में आतंकवाद से बचने का अनोखा तरीका लोगों को सुझाया था। रायपुर के साइंस कॉलेज में आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने आतंकवाद से जुड़ी एक ऐसी बात कह दी, जो चर्चा में आ गई थी।

उन्होंने कहा था कि, भारतीय संस्कृति हमें हाथ जोड़कर प्रणाम करना सिखाती है। हम हाथ जोड़कर किसी को प्रणाम करते हैं, तो यह हमें आतंकवादी बनने से बचाता है। यदि दुनिया को ठीक करना है तो अपने बच्चों को चरण छूकर प्रणाम करना सीखा दीजिए, तो सब ठीक हो जाएगा। अगर आप ऐसा करते हैं तो यह तो पक्का हो जाएगा कि आप उधर नहीं जाएंगे।

**आबादी बढ़ने पर दिया था बयान**

कुछ महीने पहले उन्होंने हिंदू आबादी को लेकर EAC-PM की रिपोर्ट पर कहा था कि, देश में हिंदुओं की आबादी कम होने से अराजकता बढ़ेगी। हिंदुओं की आबादी कम हो जाए, ये चिंता की बात है।

मुस्लिम आबादी बढ़ने पर कहा कि, 50 फीसदी जनसंख्या बढ़ना सामान्य बात नहीं है। उन्होंने इसे बड़ा खतरा बताया था।

# नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने वाले 2 लोग गिरफ्तार



**जगदलपुर ( एजेंसी )।**

बस्तर में नक्सलियों को हथियार सप्लाई करने वाले 2 लोगों को NIA ने गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से हुई है। बताया जा रहा है कि, दोनों नक्सलियों के अर्बन नेटवर्क थे। नक्सलियों तक अपने किसी माध्यम से क्क से हथियार पहुंचाया करते थे।

इससे पहले भी एनआईए ने हथियार सप्लाय करने के मामले में कुछ लोगों की गिरफ्तारी की थी। उनसे पूछताछ के बाद फिर प्रयागराज के एक ठिकाने पर दबिश दी गई। जहां से सुधीर त्रिपाठी और सूरज निषाद नाम के 2 दो लोगों को पकड़ा गया। ये दोनों नक्सलियों तक हथियार और गोला बारूद पहुंचाने का काम करते थे। फिलहाल एनआईए की टीम इनसे पूछताछ कर रही है। सूत्रों के मुताबिक खबर है। मामले के संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं हुई है। इनका बस्तर के किस नक्सली से संपर्क था? हथियार की सप्लाई कैसे करते थे? फिलहाल इन अब पहलुओं की एनआईए जांच कर रही है।

# बस्तर दशहरे में शामिल होने देवी की डोली-छत्र रवाना

**पुलिस जवानों ने हर्ष फायर कर दी सलामी, शनिवार को जगदलपुर में होगी मावली परघाव की रस्म**

**जगदलपुर/दंतेवाड़ा ( एजेंसी )।**

बस्तर दशहरा में शामिल होने आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का छत्र और माता मावली की डोली शुक्रवार को जगदलपुर के लिए रवाना हुई। डोली रवानगी के समय परंपरानुसार विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। पुलिस जवानों ने छत्र और डोली को हर्ष फायर कर सलामी दी।

शुक्रवार देर रात तक छत्र और डोली जगदलपुर पहुंचेगी। जगह-जगह भव्य स्वागत की तैयारी की गई है। माता की डोली और छत्र का दर्शन करने श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ भी उमड़ी। तिथि के अनुसार आज अष्टमी नवमीं एक साथ है। कल दशमीं के दिन पहली बार मावली परघाव की रस्म होगी।

दंतेवाड़ा से डोली के रवानगी पर आंवराभाटा, कारली, हारम पारा, गीदम में बाबा मंदिर के सामने, शिरडी साईं समिति पंडाल, साहू समाज पंडाल में जबरदस्त स्वागत किया गया। डोली और छत्र के साथ मंदिर के पुजारी, सेवादार समेत जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद है।

**शनिवार को होगी मावली परघाव की रस्म**

शुक्रवार देर रात माता की डोली और छत्र जगदलपुर पहुंचेगी। यहां गीदम रोड में स्थित जिया डेरा में रोका जाएगा। जिसके बाद कल शाम मावली परघाव की रस्म अदा की जाएगी। जिसमें बस्तर राज परिवार के सदस्य माता की डोली और छत्र का स्वागत करने पहुंचेंगे। जिस रास्ते से माता की डोली और छत्र को लाया जाएगा। उस रास्ते में दोनों ओर पुलिस ने बैरिकेड्स लगा रखे हैं। ताकि, भीड़ अंदर न आ सके।



**ऐसे होता है स्वागत**

राज परिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव के मुताबिक, सबसे पहले माता को सलामी दी जाएगी। फिर माता को विराजमान करवाया जाएगा। फिर जिया बाबा हमें खबर करेंगे कि डोली आ गई है और आपको वहां आना है। उसी दिन जोगी उठाई की भी रस्म होती है। बस्तर के सभी देवी-देवताओं ( देव विग्रह) के साथ मैं वहां पहुंचता हूं। माता का पूरे सम्मान पूर्वक स्वागत करता हूं।

खुद डोली को उठाकर राज महल लेकर आता हूं। मावली परघाव की रस्म भी अदा की जाती है। जब डोली दोबारा उठाई जाती है, तो उसी समय बस्तर दशहरा का समापन होता है। करीब 200 की संख्या में पुजारी, सेवादार समेत अन्य लोग दंतेवाड़ा से आते हैं।

**पंचमी के दिन दिया जाता है निमंत्रण**

मान्यताओं के अनुसार माता ने महाराजा को बोला था कि, मैं न्योता पंचमी को ही लूंगी। इसलिए पंचमी का दिन विशेष होता है। इसी दिन विशेष पूजा-अर्चना भी की जाती है। राज परिवार के सदस्य माता के दरबार पहुंचते हैं। दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं और अपने साथ राजमहल चलने को न्योता देते हैं। कमलचंद भंजदेव बताते हैं कि माता उनकी कुलदेवी हैं।

**कुमकुम से लिखा जाता है निमंत्रण**

पहले के जमाने में निमंत्रण चांदी के पत्रक में लिखा जाता था। लेकिन, अब जो पत्र भेंट करते हैं वो एक चमकीले कपड़े में लिखा होता है। कपड़ा बेहद पतला होता है। हालांकि, कपड़े में स्याही या अन्य किसी पेन कलम का इस्तेमाल नहीं किया जाता। बल्कि कुमकुम से लिखा जाता है।

# छत्तीसगढ़ के 8 अस्पतालों का आयुष्मान लाइसेंस रद्द: पैकेज में अनियमितता रायपुर के सिटी 24 समेत कई अस्पतालों पर हुई कार्रवाई

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ में आयुष्मान योजना के पैकेज में गड़बड़ी करने वाले 8 अस्पतालों का लाइसेंस राज्य नोडल एजेंसी ने निरस्त कर दिया है। इन अस्पतालों में अब आयुष्मान के जरिए इलाज नहीं किया जाएगा। न ही अस्पताल को इस योजना जुड़ा कोई लाभ मिल पाएगा।

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के नियम खिलाफ काम करने वाले अस्पतालों पर नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है।

**इन 8 अस्पतालों का लाइसेंस निरस्त**

सिटी 24 हॉस्पिटल रायपुर, जय पतई माता हॉस्पिटल पटेवा महासमुन्द, स्व. विद्याभूषण ठाकुर मेमोरियल हॉस्पिटल राजनांदगांव, साईं नमन हॉस्पिटल महासमुन्द, उम्मीद केयर हॉस्पिटल बालोद और वेगस हॉस्पिटल बिलासपुर का मिली शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए इनका पंजीयन निरस्त किया गया।

**इन शिकायतों पर हुई कार्रवाई**

अस्पतालों के खिलाफ अनावश्यक अधिक राशि वाले पैकेज ब्लॉक करने, ओपीडी के मरीजों को अनावश्यक आईपीडी में ब्लॉक करने, बिना मरीज के पैकेज ब्लॉक करने, बिना विशेषज्ञ, सुविधा के ही संबंधित पैकेज ब्लॉक करने, अनावश्यक आईसीयू के पैकेज ब्लॉक करने, अस्पताल मे गंदगी और अतिरिक्त नगद राशि लेने जैसी शिकायत मिली थी। नोडल एजेंसी ने पहले इन अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।




सबसे पहले
लाइफ इंश्योरेंस

जीवन के साथ भी
जीवन के बाद भी...

एलआईसी का
जीवन उत्सव

उत्सव
मनाने का
गारंटीड तरीका

Plan No.: 871 UIN: 512N363V01



आजीवन गारंटीड रिटर्न
के साथ

ऑनलाइन भी उपलब्ध

पूर्ण आयु जीवन बीमा एवं लाभ भुगतान के विकल्प

- सीमित प्रीमियम भुगतान अवधि 5 से 16 वर्ष
- प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान गारंटीकृत वृद्धि
- नियमित आय लाभ / फ्लेक्सी आय लाभ
- न्यूनतम मूल बीमा राशि 5 लाख

एलआईसी है तो कहीं
और क्यों जाना...

एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, व्यक्तिगत, बचत, पूर्ण आयु जीवन बीमा योजना



सभी नई पॉलिसियों की अधिक जानकारी के लिए आज ही संपर्क करें-
सालिक राम राजवाड़े
(बीमा अभिकर्ता)
वेदांत बीमा सेवा केंद्र
कार्यालय : प्रेस क्लब तिलक भवन के सामने, रिकाण्डो रोड टी.पी. नगर कोरबा
निवास : सत्यनारायण मंदिर के पास, पोड़ी बहार कोरबा, मो.नं.-90987-52955

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ



## जयसिंह अग्रवाल पहुंचे मां सर्वमंगला-मां मड़वारानी मंदिर, पूजा अर्चना कर मांगी क्षेत्र की खुशहाली

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

शारदीय नवरात्र पर्व की अष्ठमी पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मां सर्वमंगला देवी के दर्शन व पूजा अर्चना कर मातारानी से क्षेत्रवासियों के लिए वैभव, उन्नति व समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात् मां मड़वारानी मंदिर पहुँचकर दीप प्रज्ज्वलित कर विधि-विधान के साथ समर्थकों के साथ पूजा अर्चना की।
पूर्व मंत्री ने आज इंदिरा विहार विकास समिति टी पी नगर कोरबा दर्री रोड कोरबा, पोड़ीबहार कोरबा, रानी रोड कोरबा एवं श्रीराम दरबार डी डी एम स्कूल रोड कोरबा में स्थापित माँ दुर्गा प्रतिमा के दर्शन कर क्षेत्र में अमन चैन की कामना की। 11 अक्टूबर नवमी को जयसिंह अग्रवाल चैतुरगढ़ स्थित माँ महिषासुर मर्दिनी माता के दर्शन करने पहुंचे और विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की और क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि की कामना की। श्री अग्रवाल ने सभी प्रदेशवासियों को दुर्गा नवमी एवं विजयादसमी पर्व की शुभकामनाए दी। इस मौके महापौर राजकिशोर प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल, प्रदेश सचिव बी एन सिंह, पार्षद देवी दयाल सोनी, सुखसागर निर्मलकर, पालूराम साहू, गंगाराम भारद्वाज, अनुज जायसवाल, मड़वारानी मंदिर समिति सचिव विनोद साहू, चेतनदास एवं सुरेश कुमार अर्ग्रवाल आदि ने भी दर्शन लाभ लिया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भावनानी पहुंचे चैतुरगढ़, माँ महिषासुर मर्दिनी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की





**कोरबा / पाली ( दिव्य आकाश )।**

नवरात्रि पर पहाड़ों वाली मां लाफागढ़ के अंतर्गत आने वाली पहाड़ी चैतुरगढ़ में विराजी मां महिषासुर मर्दिनी का दर्शन करने दूर दराज से रोजाना हजारों लोग पहुंच रहे हैं और मां महिषासुर मर्दिनी की पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना करते हुए अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी को भारतीय जनता पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष एवं पाली क्षेत्र के समाज सेवी संजय भावनानी अपने समर्थकों के साथ मां महिषासुर मर्दिनी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, समृद्धि एवं क्षेत्र के विकास की कामना की। उनके साथ भाजयुमो नेता विक्की अग्रवाल सहित अन्य समर्थक और भाजपा नेता उपस्थित थे।

श्री भावनानी ने बताया कि मां महिषासुर मर्दिनी की पूजा अर्चना से शत्रुओं का शमन होता है और परिवार खुशहाल तथा समृद्ध बनता है। यहां सैकड़ों की संख्या में दीप प्रज्ज्वलित भी हो रहे हैं, उनका भी श्री भावनानी ने दर्शन लाभ लिया।

## ज्योति इलेक्ट्रानिक पर जीएसटी टीम की रेड

### 4 गाड़ियों में दूसरी बार पहुंची थी टीम



**कोरबा/कटघोरा ( दिव्य आकाश )।**

कटघोरा स्थित ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स पर जीएसटी की टीम ने छापेमारी की। देर रात तक कार्रवाई चलती रही। बताया जा रहा है कि 4 गाड़ियों में जीएसटी की टीम ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स पहुंची थी। दुकान संचालक पवन अग्रवाल से पूछताछ की गई।

बताया जा रहा है कि कुछ माह पहले ही जीएसटी की टीम ने ज्योति इलेक्ट्रॉनिक्स में छापेमारी की थी।। इसके बाद दूसरी बार फिर से टीम ने दबिश दी है। कार्रवाई के बाद व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक दुकान संचालक पिता-पुत्र ठेकेदारी का काम भी करते हैं। अलग-अलग विभागों में काम करने की बात सामने आ रही है। वहीं छापे से त्योहारी सीजन होने के चलते व्यापार पर भी खासा असर पड़ेगा।

## इंदिरा विहार कालेनी में गरबा की धूम: सैकड़ों महिलाएं हो रहीं शामिल

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** टीपी नगर स्थित इंदिरा विहार कालोनी में महिला मंडल ने नौ दिन तक गरबा के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। अष्टमी को देर रात तक महिलाओं ने गरबा की , जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुईं।



# बालको ने समुदाय में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छता ही सेवा का चलाया अभियान






**बालकोनगर ( दिव्य आकाश )।**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने स्वच्छता दिवस के अवसर पर समुदाय में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये, जिसका उद्देश्य समुदाय में स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था। कंपनी ने स्वच्छता अभियान से लगभग 2800 सामुदायिक सदस्यों को जागरूकता संदेश देने का कार्य किया।

भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा 2024 मिशन के अनुरूप कंपनी ने समुदाय में स्वच्छता जागरूकता के अंतर्गत अपशिष्ट प्रबंधन और स्त्रोत पृथक्करण पर सामुदायिक-आधारित संगठनों के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। प्रशिक्षण में 90 से अधिक सदस्यों और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही कंपनी के पर्यावरण टीम के सहयोग से समुदाय में स्वच्छता वार्ता का आयोजन जिसमें स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सर्वोत्तम पर्यावरण प्रथाओं के प्रति जागरूक किया गया।

जागरूकता को बढ़ावा देते हुए स्वच्छ भारत थीम पर स्थानीय कारीगरों तथा प्रशिक्षित किशोर लीडर ने कठपुतली शो तथा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर स्वच्छता के महत्व और समुदाय को प्रोत्साहित करने का काम किया। नगर निगम के साथ मिलकर कंपनी ने मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जिसमें 200 से अधिक कर्मचारी स्वयंसेवक और समुदाय के सदस्य ने सार्वजनिक पार्क को साफ किया। सफाई के साथ स्वच्छता शपथ ली तथा सामुदायिक एकजुटता का प्रदर्शन किया। युवाओं मे स्वच्छता समझ विकसित करने के लिए कंपनी ने 21 सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में स्वच्छता वार्ता आयोजित किये।

वार्ता में शामिल 1042 छात्रों को सामुदायिक स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ 3आर, रिड्यूस (कम करना), रीयूज़ (पुनः उपयोग करना) और रिसाइकिल (पुनर्चक्रण करना) के महत्व को बताया गया। छात्रों ने कचरे से आय मॉडल और पोस्टर बनाकर कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों और शिक्षकों ने अपने आस-पास की सफाई बनाए रखने के लिए स्वच्छता शपथ ली।

# 100 से अधिक हितग्राही वन अधिकार पट्टा से वंचित

### आरोप: एसडीएम कार्यालय के बाबू अजगल्ले ने गायब कर दी फाईल!

**पाली ( दिव्य आकाश )।**

लगभग 115 हितग्राहियों के वन अधिकार का पट्टा आवेदन एसडीएम कार्यालय पाली से आश्चर्यजनक रूप से गुम हो गया। ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय के बाबू पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कोरबा जाकर जिलाधीश से शिकायत की है।

शासन के निर्देश पर भूमिहीन अथवा वर्षों से कब्जाधारी वन वासियों को वन अधिकार पट्टा दिए जाने का नियम है। इसके लिए विधिवत प्रक्रिया के तहत छानबीन और सत्यापन के बाद ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा का वितरण किया जाता है। पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत बतरा, मुनगाडीह, जेमरा, दमिया ग्रामों के लगभग 115 ग्रामीण हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र मिलना था। इसके लिए ग्रामीणों ने शासन के सभी निर्धारित दस्तावेजों और नियमों का पालन करते हुए आवेदन छानबीन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था, जो विधिवत सत्यापित होकर वापस एसडीएम कार्यालय पाली में भेजा गया था, लेकिन यहां पदस्थ बाबू अक्षय कुमार अजगले ने कथित तौर पर आवेदन की उक्त फाइल को कहीं गुमा दिया है और ग्रामीणों के पूछे जाने पर गोल-गोल जवाब देते हुए गुमराह किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इसकी लिखित शिकायत भी की है। मुनगाडीह के 31 हितग्राहियों ने कुछ माह पूर्व ज़नदर्शन में कलेक्टर से भेंट कर शिकायत की थी, लेकिन अब तक इनके पट्टे को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पायी है। ग्राम पंचायत दमियां के सरपंच ने भी कलेक्टर कोरबा से मामले की जांच करने की मांग करते हुए शिकायत की थी। इतना ही नहीं सरपंच ने सचिव छग शासन को भी शिकायत प्रेषित किया है, लेकिन इस मामले में अब भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से ग्रामीण हितग्राही मायूस और आक्रोशित हैं। हितग्राहियों ने लापरवाह बाबू के खिलाफ कार्यवाही और अविलम्ब वन अधिकार पत्र दिलाने की गुहार लगाई है।

### सहायक आयुक्त ने मांगी फाईल

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कोरबा ने एसडीएम पाली को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत मुनगाडीह में प्रस्तावित 31 हितग्राहियों को वन अधिकार पट्टा न मिलने के मामले में रिपोर्ट मांगी है और कहा है कि मुनगाडीह के 31 प्रकरणों से ही सभी 115 वन अधिकार पत्रों को यथा स्थिति इस कार्यालय को भिजवाने का कष्ट करें।

## राम दरबार में गरबा की धूम, महिलाएं और युवतियां रोजाना जीत रहे है ईनाम



**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

राम दरबार मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन हो रहे रास गरबा में प्रतिभागी महिलाएं एवं बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं। वे यहां प्रतिदिन अलग अलग वेश भूषा में सुसज्जित हो कर भाग लेते हैं । साथ ही प्रतियोगिता भी होती है, जिसके विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत भी किया जाएगा। यहां महिलाओं और बच्चों ने कृष्ण-राधा का रूप धर कर रास गरबा में मनमोहक छटा बिखेरी। आयोजन को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष, सचिव गुलशन अरोरा, कोषाध्यक्ष अशोक चावलानी, सहसचिव रवि अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल पूजा उत्सव को सफल बनने मे लगे हैं । भोग वितरण समिति के मुकेश अग्रवाल द्वारा रोजाना भोग वितरण किया जा रहा है। इसके साथ सभी पदाधिकारी,सदस्य और विशेष रूप से महिला टीम अपना सक्रिय योगदान दे रही है। गरबा और डांडिया के लिए एन्जल और राखी पाण्डेय पुरे उत्साह से युवतियों और महिलाओं को लगातार बेहतरीन गरबा करवा रहे हैं।

### 60 फीट ऊंचा होगा रावण

शनिवार 11 अक्टूबर की शाम यहां दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए 60 फीट ऊंचा रावण बनाया गया है। आतिशबाजी विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। शुक्रवार 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से महा भंडारा में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। रविवार को दोपहर तीन बजे से श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए जाएंगे। सांस्कृतिक समिति के संदीप शर्मा ने सभी कार्यक्रमों में शामिल होने का निवेदन किया है।



## अजय जायसवाल ने विभिन्न दुर्गा पंडालों में पहुंचकर की पूजा अर्चना, लोगों से मिले, जगह-जगह स्वागत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।** जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल ने समर्थकों के साथ भाठीकुड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा पंडालों में पहुंचे और पूजा अर्चना की। वे लोगों से मेल मुलाकात की। उनका जगह-जगह स्वागत किया गया।
**12 को विशाल भंडारा**-बाजार चौक भिलाई बाजार में 12 अक्टूबर को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। नवयुवक दुर्गा पूजा समिति ने सभी को आमंत्रित किया है।





## महिला समिति द्वारा गरबा का रंगारंग प्रस्तुति

### अशोक मोदी के आतिथ्य में प्रतिभागी हुए पुरस्कृत





**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

शहर के प्रथम होटल सम्राट जो आज चंदेला होटल के रूप में विख्यात है। नवरात्रि के अवसर पर होटल चंदेला में महिला समूह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कर महिलाओं ने गरबा प्रतियोगिता में भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि कोरबा के प्रतिष्ठित व्यापारी अशोक मोदी ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि होटल चंदेला में नवरात्रि पर प्रथम गरबा महोत्सव से क्षेत्र में जहां रौनक बढ़ी है, वहीं महिलाओं की प्रतिभाएं भी निखर रही हैं। इस अवसर पर मंच पर लायन पद्म सिंह चंदेल, डॉक्टर रूपाली पांडेय तथा पूर्व पार्षद चित्रलेखा चंदेल उपस्थित थे।

अंत में आयोजक महिला मंडल की सदस्यों में उषा गोयल, आकांक्षा चंदेल, शीतल शर्मा एवं नेहा अग्रवाल ने प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महाराष्ट्र सरकार द्वारा समाचार पत्र विक्रेता निगम का प्रस्ताव परित

### छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने किया स्वागत

**कोरबा ( दिव्य आकाश )।**

महाराष्ट्र सरकार ने अखबार विक्रेताओं के लिए कल्याणकारी मंडल की स्थापना को मंजूरी दे दी है। यह फैसला अखबार विक्रेताओं के जीवन में सुधार लाने में मदद करेगा। विधायक संजय केलकर ने बताया कि उन्होंने पिछले 6 साल से अखबार विक्रेता एसोसिएशन के मुद्दे को लेकर विधानसभा में उठाया था, जिसे अब सरकार ने पारित कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का आभार व्यक्त किया।

अखबार विक्रेता एसोसिएशन के अध्यक्ष दत्ता घाडगे ने कहा कि यह फैसला अखबार विक्रेताओं के लिए एक बड़ा उपहार है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर ढंग से कर पाएंगे। महाराष्ट्र अखबार विक्रेताओं को न्याय देने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। यह फैसला अन्य राज्यों के लिए भी एक उदाहरण स्थापित करेगा। इस अवसर पर वृत्तपत्र विक्रेता संजय सातार्डेकर, वैभव म्हात्रे, शरद पवार, समीर कोरे, दिलीप चिंचोले, संदीप अवारे, विवेक इसामे, भरत कुटे, सुरेशा मस्करे, प्रदीप बिडलान, दिनेश भिंताडे, राजेंद्र सुर्वे, बंडू कदम, अजय मोरे, कृष्णा सालुंखे व गणेश शेडगे आदि उपस्थित थे।



### छत्तीसगढ़ में भी उठा मुद्दा

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा अखबार वितरक कल्याण निगम का गठन हेतु प्रस्ताव पारित किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार को भी छत्तीसगढ़ अखबार वितरक कल्याण बोर्ड गठित करने हेतु लिखा गया है उसे तुरंत पारित किया जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ में अखबार वितरकों की माली हालत ठीक नहीं है और अखबार बांटकर अपने परिवार का लालन पालन किसी तरह कर रहे हैं। अखबार वितरक कल्याण बोर्ड गठित हो जाने के बाद महाराष्ट्र की तरह छत्तीसगढ़ के अखबार वितरकों के जीवन में बदलाव आएगा और उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष विपेन्द्र साहू ने दी।

स्वामी , प्रकाशक ,मुद्रक युधिष्ठिर राजवाड़े द्वारा आकाश आफसेट टीपी नगर कोरबा से मुद्रित कर प्रेस क्लब भवन के सामने रिकाण्डो रोड कोरबा से प्रकाशित संपादक युधिष्ठिर राजवाड़े मो.नं.-98266-47851 आरएनआई नंबर CHHHIN/2010/47078 Email :-divyaakash.news@gmail.com